संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 245 सोमवार 07 जुलाई 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## महत्वपूर्ण खबर

### चुनाव आयोग के खिलाफ टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



» आदेश को दी चुनौती...

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025 (ए)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। महुआ मोइत्रा ने ईसीआई के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें बिहार में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी विशेष पुनरीक्षण की बात कही गई है। याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट इस आदेश पर तत्काल रोक लगाए और ईसीआई को निर्देश दे कि वो देश के बाकी राज्यों में भी ऐसा कोई आदेश ना जारी करे। महुआ मोइत्रा का आरोप है कि यह आदेश मनमाना, असंवैधानिक और गरीबों, महिलाओं और प्रवासी मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया से बाहर करने वाला है।

### यू-ट्यूब की नई मोनेटाइज़ेशन पॉलिसी ओरिजनल कंटेंट पर जोर




नई दिल्ली,06 जुलाई 2025(ए)। यू-ट्यूब ने अपनी मोनेटाइजेशन नीति में बड़े बदलाव की घोषणा की है, जो 15 जुलाई 2025 से लागू होगी। यह नीति विशेष रूप से थोक में बनाए गए या एकसमान दिखने वाले वीडियो को लक्षित करेगी। यू-ट्यूब पार्टनर प्रोग्राम के तहत अब ऐसे कंटेंट की कड़ी जांच होगी, जिससे क्रिएटर्स की कमाई प्रभावित हो सकती है।

### नक्सलियों को ड्रोन की सप्लाई और ट्रेनिंग देने वाले डबल एजेंट को एनआईए ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025(ए)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने एक ऐसे व्यक्ति की गिरफ्तारी की है



जो नक्सलियों को ड्रोन की सप्लाई किया करता था। एनआईए के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मथुरा के एक व्यक्ति ने नक्सलियों को ड्रोन की आपूर्ति की थी और उन्हें उपकरण चलाने तथा नक्सल प्रभावित राज्यों के वन क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखने का प्रशिक्षण भी दिया था।

### मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भगृह में पुजारियों में हुई मारपीट

» पुलिस ने किया मामला दर्ज, घटना का वीडियो आया सामने

मिर्जापुर,06 जुलाई 2025(ए)। मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी मंदिर में पुजारियों के बीच जमकर मारपीट की। बताया जा रहा है की गर्भगृह में ही इन लोगों ने



मारपीट की। जानकारी के मुताबिक़ रात करीं 12 बजे आरती के बाद माता का शयन होना था। शयन के कारण गर्भगृह में माता के बड़े श्रृंगारिया विश्वमोहन मिश्रा और उनके बेटे शिवांजू मिश्रा पहुंचकर तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पुजारी अमित पांडेय अपने भाई और कुछ लोगों के साथ गर्भगृह में पहुंचे और मां की पूजा तक शयन न कराने की जिद करने लगे। इस दौरान जब मुख्य श्रृंगारिया विश्वमोहन मिश्रा ने इसका विरोध किया तो पहले दोनों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद मारपीट हो गई।

# भारत की ताकत को दुनिया कम न समझे...

## कैसे चीन ने पाकिस्तान के साथ चल दी गंदी चाल...

» रिपोर्ट से सच हुई ये बात

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025(ए)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा था। प्रॉक्सी वॉर इनमें से एक था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने प्रॉक्सी वॉर का भी सामना किया। एक ओर जहां भारत की ताकत पूरी दुनिया देख रही थी,तो वहीं पाकिस्तान से अधिक चीन परेशान था। भारत की ताकत को दुनिया सही न समझे इसके लिए पाकिस्तान-चीन ने क्या कुछ नहीं किया। भारत ने जो किया वही बताया। लेकिन पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान को नकारता रहा। अब चीन और पाकिस्तान की चाल का धीरे-धीरे पर्दाफाश हो रहा है। कई सैटेलाइट इमेजेस सामने आई जिससे पाकिस्तान की पोल खुली और पता चला कि भारत ने पड़ोसी मुल्क में मौजूद आतंकी ठिकानों को किस तरह



नुकसान पहुंचाया है।

### जब तस्वीरों ने खोली पाकिस्तान की पोल

बीच में,ऐसी तस्वीरें सामने आई जिसमें पता चला कि पाकिस्तान अपनी हार को दुनिया से छिपाना चाहता है। वह यह दिखाना चाहता है कि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने उसकी पोल खोल दी है। पाकिस्तान का ऑपरेशन तिरपाल भी सामने आया। जिसमें वह भारत से मिली हार को तिरपाल से छिपाने की कोशिश कर रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह बात सामने आई। इन तस्वीरों में देखा गया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिन पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाया था, वहां नुकसान वाली जगहों पर तिरपाल ढका हुआ है। मुरीदके, जैकोबाबाद और भोलारी एयरबेस में ऐसा देखा गया है। पाकिस्तान ने पुरानी छतों के रंग का ही तिरपाल इस्तेमाल किया है। इससे कम रिजॉल्यूशन वाली सैटेलाइट इमेज में उसकी चालाकी पकड़ में न आए। मैक्सार टेक्नोलॉजीज से ली गई सिंध के भोलारी एयर बेस की 4 जून की तस्वीरों में यह देखा जा सकता है। एक हैंगर की छत पहले से ही क्षतिग्रस्त थी। अब उसे हरे रंग के तिरपाल से ढका गया है। इससे वहां हुए नुकसान का पता नहीं चल पा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन कवरों की पहचान सबसे पहले इंटेल लैब के जियो-इंटेलिजेंस रिसर्चर डेमियन साइमन ने की थी।

### चीन ने चलाया प्रॉक्सी वॉर- फ्रेंच खुफिया रिपोर्ट

इस बीच, लड़ाकू विमान राफेल को लेकर एक नई रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क चीन ने फ्रांस में बने राफेल को बदनाम करने के लिए किस तरह का अभियान चलाया। फ्रांस की खुफिया एजेंसी ने जारी अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, पाकिस्तान को हथियार मुहैया कराने के साथ साथ अन्य कई मोर्चों पर मदद कर रहा था। चीन, पाकिस्तान को हथियार मुहैया कराने के साथ ही भारत के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर में भी मददगार बना रहा। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने राफेल लड़ाकू विमानों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के मकसद से एक ऑर्गनाइज्ड डिफेमेशन का प्रोपेगेंडा वॉर चलाया। यह अभियान भारत-पाकिस्तान के सैन्य टकराव और ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेज हुआ। जब भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर एससीएएलपी मिसाइलों से सटीक हमले किए, तो चीन ने पूरी दुनिया में यह बात फैलानी शुरू कर दी कि चीनी हथियारों की मदद से फ्रेंच फाइटर जेट राफेल को पाकिस्तान ने मार गिराया है।

### भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा चलाने में चीन का हाथ

फ्रांस की खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने उसके राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ प्रोपेगैंडा चलाया। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों का कहना है कि चीन ने अपने दूतावासों का इस्तेमाल राफेल की बिक्री को कम करने और फ्रांसीसी लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए किया। चीनी दूतावासों में रक्षा अधिकारियों ने दुनिया के देशों को फ्रांसीसी विमान खरीदने के बजाय चीनी विमान खरीदने के लिए मनाने की कोशिश की। राफेल विमान से फ्रांस को भारत और एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध मजबूत करने में मदद मिलती है। वहीं चीन इस क्षेत्र में खुद को सबसे शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

# जीएसटी घोटाले में हुआ बड़ा खुलासा

» फेक बिल से हो रहा था बिजनेस

» ऐसे लगाया जा रहा था सरकार को चूना

भोपाल,06 जुलाई 2025(ए)। मध्य प्रदेश सहित चार राज्यों में फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) के रूप में 130 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी में बड़ी जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया है कि चोरी के कोयले का कारोबार करने के लिए फर्जी बिलिंग की जा रही थी।मामले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू की टीम ने बिलासपुर से कोयला कारोबारी शेख जफर को




गिरफ्तार भी किया है। इसी तरह से सीमेंट की जीएसटी चोरी में पता चला है कि निर्माण कार्यों में ठेकेदार फर्जी बिल लेकर मापदंड के अनुसार सीमेंट उपयोग करना दिखाते थे।

### जांच एजेंसी के निशान पर कई बड़े अधिकारी

जांच एजेंसी के निशाने पर सीमेंट, कोयला और स्टील के कई बड़े कारोबारी हैं। यह गड़बड़ी वर्ष 2018 से प्रारंभ हुई थी। फर्जीवाड़े का नेटवर्क मध्य प्रदेश के अतिरिक्त छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र में फैल चुका है।

### फर्जी बिलों से कारोबार का आरोप

ईओडब्ल्यू की टीम ने सबसे पहले झारखंड के रांची से जबलपुर के रहने वाले विनोद सहाय को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के आधार पर बिलासपुर से शेख जफर और भोपाल से राजा शेख को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन दोनों ने विनोद सहाय के कहने पर फर्जी फर्म बनाकर कारोबार दिखाया था। अभी तक मिले 512 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों में से अधिकतर सीमेंट, कोयला और स्टील कारोबार के हैं।

### बड़े कारोबारी कर रहे थे गड़बड़ी

आरोपितों ने फर्जी (बोगस) कंपनियां बनाकर इनवाइस तैयार की थी। इन इनवाइस से कई बड़े कारोबारी व ठेकेदार गड़बड़ी कर रहे थे। ईओडब्ल्यू की जांच टीम यह भी पता करने में जुटी है कि इसमें वाणिज्यिक कर या अन्य किसी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत तो नहीं है। बता दें कि जीएसटी चोरी को लेकर यह अब तक का सबसे बड़ा राजफाश है।विभाग की तरफ से जीएसटी चोरी के प्रकरण पकड़े जा रहे थे, पर इस तरह संगठित गिरोह के माध्यम से फर्जीवाड़ा पहली बार सामने आया है। वाणिज्यिक कर विभाग जबलपुर के सहायक आयुक्त की सूचना पर जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने इसी माह प्रकरण पंजीबद्ध किया था।

# पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती



» केंद्र को बंगला तुरंत खाली कराने का निर्देश

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025(ए)। देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश रहे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को रिटायर हुए आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन वे अब भी सरकारी बंगले में रह रहे हैं। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तत्काल कार्रवाई कर बंगला खाली कराने का निर्देश दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मंत्रालय को लिखा पत्र

1 जुलाई 2025 को सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला नंबर 5 को तत्काल खाली कराने की मांग की। पत्र में कहा गया है कि सेवा निवृत्ति के बाद पूर्व सीजेआई को नियम 3बी के तहत अधिकतम 6 महीने तक बंगले में रहने की अनुमति थी, जो 10 मई 2025 को समाप्त हो गई। इसके बाद उन्हें 31 मई तक की अतिरिक्त मोहलत दी गई थी, जो अब बीत चुकी है।




# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का भी बदलेगा नाम

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025 (ए)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग अब तेज हो गई है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने के मांग की थी। तो अब चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर,अटल बिहारी वाजपेयी रेलवे स्टेशन रखने का आग्रह किया है। बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी पहले दिल्ली जंक्शन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन रखने का समर्थन किया था।

# तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका



विरुधुनगर,06 जुलाई 2025 (ए)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक बार फिर पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका होने का मामला सामने आया है। यहां रविवार की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। सुबह के समय हुए इस विस्फोट से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। धमाके के बाद आसमान में धुएं का गुबार छा गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। फिलहाल इस हादसे के बाद प्रभावित लोगों की सही संख्या के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मौके पर राहत और बचाव का काम किया जा रहा है।

# तिहाड़ जेल में सजा काट रहा खूंखार सीरियल किलर फरार



नई दिल्ली,06 जुलाई 2025(ए)। देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात सीरियल किलर सोहराब के फरार होने की खबर से सनसनी फैल गई है। तीन दिन की पैरोल पर बाहर आया सोहराब, अवधि पूरी होने के बावजूद वापस जेल नहीं लौटा। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है और लखनऊ पुलिस के साथ मिलकर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



# पुंछ में ध्वस्त हुआ आतंकी ठिकाना

### 3 हथगोले और असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां बरामद

पुंछ,06 जुलाई 2025(ए)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के जंगलों में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह ठिकाना मिला। इस दौरान किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की 6 गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की है।

# गोपाल खेमका की हत्या के पीछे का सच जल्द आएगा सामने



पटना,06 जुलाई 2025(ए)। बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात हुए व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में बिहार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में दावा किया कि अगले एक-दो दिनों में इस हत्याकांड की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।

## संपादकीय

### शाब्दिक जोड़ घटाव पर विवाद


लोकतंत्र में संविधान किसी देश की आत्मा का दस्तावेज होता है। इसमें दर्ज एक-एक शब्द सरकार के लिए अपनी जनता के साथ व्यवहार के तौर-तरीके तय करने वाला होता है।भारत में संविधान को अत्यंत पवित्र माना जाता है,और इसकी प्रस्तावना तक में कोई शाब्दिक जोड़ घटाव पर भी विवाद हो सकता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मानें तो संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है,लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदल दिया गया।उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में इस कार्य को संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात और नासूर की संज्ञा दी। ज्ञात हो कि 1976 में कांग्रेस सरकार ने प्रस्तावना में 42वें संविधान (संशोधन) के जरिए समाजवादी',धर्मनिरपेक्ष' और अखंडता' शब्द जोड़े थे। उपराष्ट्रपति के अनुसार जोड़े गए शब्द उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। यह सनातन की भावना का अपमान है। उपराष्ट्रपति के अनुसार,भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया।भारत में यह काम तब किया गया जब विपक्ष के प्रमुख नेता जेल में थे और इसका कोई औचित्य नहीं था। सबसे अहम बात जो उन्होंने की वह यह कि हमें इस पर विचार करना चाहिए। धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता दत्तात्रेय होसबोले ने इसी हफ्ते संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए समाजवादी' और धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया है। आरएसएस का कहना है कि ये शब्द कभी भी अंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे। होसबोले के बयान से राजनीतिक विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। संघ का तर्क है कि होसबोले का मंतव्य संविधान की मूल भावना' को बहाल करने के बारे में है। यहां सवाल उठता है कि 42 वें संविधान संशोधन के लगभग 59 साल बाद इस बारे में विवाद का क्या मतलब है? संविधान की प्रस्तावना इसकी मूल भावना को कतई कमजोर नहीं कर सकती। देखा जाए तो सरकार जनता की भलाई के रास्ते पर ही तो चलती है। कोई राजनीतिक विचारधारा इन शब्दों से सहमत हो या न हो लेकिन काम तो इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर ही करती है। वर्तमान भाजपा गठबंधन सरकार की नीति भी तो सबकी भलाई और उन्नति ही है। यह वक्त विवाद खड़ा करने नहीं अपितु संविधान पर ईमानदारी से अमल करने का है। जिन शब्दों के जोडने़ से आज तक कुछ नहीं बिगड़ा, वो हटाए जाने की सूरत में काफी कुछ बिगाड़ सकते हैं।

# मोदी-शाह की जोड़ी ने साकार किया डा.श्यामप्रसाद मुखर्जी का अखंड सपना



**अशोक बजाज**
रायपुर,छत्तीसगढ़





आज़ादी के साथ कश्मीर समस्या हमें विरासत में मिली थी जो भारत के लिए नासूर बन गई थी। आज़ादी के बाद पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी सरकार ने तुष्टीकरण की नीति के चलते जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 लगा कर उसे विशेष दर्जा प्रदान कर दिया था। धारा 370 भारतीय संविधान का एक विशेष अनुच्छेद है,जिसके चलते जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों के मुकाबले विशेष अधिकार मिल गया था। भारतीय संविधान में अस्थायी, संक्रमणकालीन और विशेष उपबन्ध सम्बन्धी भाग 21 का अनुच्छेद 370 तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के विशेष हस्तक्षेप से तैयार किया गया था। धारा 370 के प्रावधानों के मुताबिक राज्य में संसद को रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का तो अधिकार है लेकिन किसी अन्य विषय से संबंधित कानून को लागू करवाने के लिए केंद्र को राज्य सरकार की सहमति लेनी होती है। इसी विशेष दर्जे के चलते जम्मू-कश्मीर राज्य में संविधान की धारा 356 लागू नहीं हो पाती थी। राष्ट्रपति के पास राज्य सरकार को बर्खास्त करने का अधिकार ही नहीं था। यहाँ तक कि 1976 का शहरी भूमि कानून भी जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं हो पाया। भारत के अन्य राज्यों के लोग जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे,जबकि भारतीय नागरिक को विशेष अधिकार प्राप्त राज्यों के अलावा भारत में कहीं भी भूमि खरीदने का अधिकार है। भारतीय संविधान की धारा 360 यानी देश में वित्तीय आपातकाल लगाने वाला प्रावधान जम्मू-कश्मीर पर लागू नहीं होता था। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाते समय ये दलील दी गई थी कि यह एक अस्थाई व्यवस्था है लेकिन वास्तव में वह स्थाई रूप ले चुकी थी. पं नेहरू एवं कालांतर में बनी सरकारों की ढुलमूल एवं तुष्टीकरण की नीतियों के चलते धारा 370 का प्रावधान भी स्थाई हो गया है और कश्मीर की समस्या भी स्थाई हो गई है. तथाकथित बुद्धिजीवियों ने कश्मीर की आज़ादी या जनमतसंग्रह जैसे मुद्दे उठाकर इस समस्या को सुलझाने के बजाय उलझाने का ही काम किया है। देश की एकता और अखंडता की बात करने वाले कथित बुद्धिजीवी कभी संविधान के अनुच्छेद 370 को कायम रखने की बात करते थे तो कभी जनमत संग्रह की वकालत करते रहे। जब नेहरू सरकार ने जम्मू-कश्मीर में संविधान की धारा 370 लगाई तो डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध करते हुये मंत्रीमंडल से स्तीफ़ा दे दिया था। डा. मुखर्जी भारत की अखंडता के प्रबल हिमायती थे तथा अखंड भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाए जाने की कार्यवाही को भारत की अखंडता के विरुद्ध मानते हुये अपनी असहमति प्रकट करते हुये कहा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशानल़ नहीं चलेंगे,लेकिन तुष्टीकरण की नीति के कारण नेहरू जी ने उनकी एक न सुनी। अंततः उन्होने डा. मुखर्जी ने विरोध स्वरुप अपने पद से स्तीफ़ा दे दिया। संसद में भी डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 को समाप्त करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊँगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूँगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये उन्होने 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर में प्रवेश करने की चेष्टा की,सीमा में ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबन्द कर लिया गया. 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे राष्ट्र भक्त थे जिंहोने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया7 उन्हें आज़ाद भारत का प्रथम शहीद कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी।

देश में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो देशवासियों के मन में नई आशा की किरण जागी। केंद्र में आज एक दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है। श्री मोदी ने जब गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को चुना तो लोगों को यह विश्वास हो गया था कि जम्मू-कश्मीर की समस्या मोदी सरकार की प्राथमिकता में है। लोगों का विश्वास तब और दृढ़ हो गया जब श्री शाह ने गृह मंत्री के रूप में अपना दौरा कश्मीर से शुरू किया। इस दौरे में जो परिवर्तन देखने को मिला वो सबके सामने है। गृह मंत्री के दौरे के दौरान कश्मीर में पूरी तरह शांति थी,ना श्रीनगर के बाज़ार बंद हुये और ना ही गोला बारूद चला जैसा कि पहले देखने-सुनने को मिलता था। पत्थरबाजी करने वाले भी अपने अपने घरों में दुबक गए थे। श्री शाह ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न करने की योजना बनाई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में इंसानियत,जम्हूरियत और कश्मीरियत के सिद्धांत पर चलते हुए इस समस्या को हल करने का प्रयास किया था लेकिन बहुमत के अभाव में उनकी इच्छा अधूरी रह गई थी। अब मोदी और शाह की जोड़ी ने डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कर दिया है। कुल मिलाकर देश बदल रहा है तो कश्मीर को बदलना ही था। भारत में आज एक दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सरकार है जो देश की एकता और अखंडता तथा देश की सीमा की सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस बेअसर-सहकारिता को उखाड़ फेकने वाले भ्रष्ट अधिकारियों ने थाम रखी है बागडोर



**आत्माराम यादव पीव**
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश



सहकारिता के माध्यम से एक बेहतर विश्व का निर्माण किये जाने का लक्ष्य लिए वर्तमान में 1 जुलाई से 6 जुलाई तक अन्तरराष्टीय सहकारिता दिवस मनाकर पुरे देश में सहकारिता के उद्देश्य पर राजनेताओं और अधिकारीयों ने बढ़चढ़ बात प्रचार-प्रसार कर अख़बारों में फ़र्जी आंकड़ों से स्यँव को महिमामंडित करने की ओपचारिकता का निर्वहन किया जा रहा है,जबकि मध्ं यप्रदेश सरकार 11 वर्षों से सहकारिता के चुनाव न कराकर सम्पूर्ण जिम्मेदारी अपने अधीनस्थ सहकारिता विभाग के भ्रष्ट अधिकारिओं के जिम्मे कर चुकी है जिसका लाभ उठाकर अधिकारी मालामाल है और प्रदेश में सहकारिता में भ्रष्टाचार के चरम पर होने से अंतिम सांसे ले रही है। पूरा प्रदेश इस समय भ्रष्ट सहकारिता के अधिकारियों के जिम्मे है,अगर नर्मदापुरम की बात की जाए तो हाल ही में सहकारिता के सयुंक्त आयुक्त के के द्विदी जो पूर्व में गुना के सहकारिता उपायुक्त के रूप में समिति प्रबंधक शंकर हरि रघुवंशी से एक लाख रूपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त ग्वालियर ने पकड़ा था वे पूर्व में वर्ष 2010 से पूर्व होशंगाबाद में उप रजिस्ट्रार सहकारी संस्थायें रहे के द्वारा धारा- 64 में 35 प्रकरणों में 28 करोड़ 44 लाख 33 हजार 388 रूपये एवं धारा-68 बी के 88 प्रकरणों में आरोपित 308 कर्मचारियों के विरूद्ध अधिरोपित राशि 5 करोड़ 94 लाख 76 हजार 868 के दोषपूर्ण निराकरण से संस्थाओं को हानि पहुंचाकर सहकारिता के उद्देश्य को समाप्त कर अपने चुके है। सहकारिता में षड्यंत्र के लिए इनके द्वारा होशंगाबाद-हरदा जिले की सहकारी समितियों में निरीक्षकों/अंकेक्षकों द्वारा की किये गये अंकेक्षण जाँच के आधार पर धारा-64 में 26 करोड़ 44 लाख 44 हजार 388 रूपये एवं चारा-58 बी के 89 प्रकरणों में 308 समिति कर्मचारियों पर 5 करोड़ 94 लाख 75 हजार 868 रूपये की गबन धोखाधड़ी सहित आर्थिक अनियमितताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर प्रकरणों को पंजीवद्ध करके कर्मचारियों को आरोपी बनाकर 3-4 वर्षों तक सुनवाई कर लगभग 90 प्रकरणों में नस्तीबद्ध / खारिज की कार्यवाही की जाकर जमकर लेनदेन किया और समितियों को इसकी नुकसानी उठानी पड़ी,अब मुंग खरीदी और गेहूं खरीदी में भ्रष्टाचार की नई इबारत लिखकर अब ये सरकार को सहकारिता का गला घोटने का कर्तव्य दिखाकर सहकारिता के गले पर छुरी चलाते मौज करेंगे।

देखा जाए तो प्रदेश के हर जिले में इनके जैसे भ्रष्ट अधिकारी है,जिन्हें सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का संरक्षण मिला है यही कारण है कि हर जिले में काम करने वाली सहकारी समितियां हो या उचित मूल्य पर राशन दुकान चलाने वाली संस्था,हर जगह भ्रष्टाचार व्याप्त है। पूर्व के वर्षों में अधिकांश जगह देखा गया है सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव से लेकर पंजीयक पदेन आयुक्त सभी की सांठगांठ से नियमों एवं अधिनियम को ताक पर रखकर लिये गये निर्णयों से अनेक जिलों की समितियों के डिफाल्टर होने के बावजूद वहां से चयनित प्रतिनिधि बैंक संचालक बन जाता है। ऐसे चयनित अथवा निर्वाचित बैंक प्रतिनिधि डिफाल्टर होते हुये राजनीतिक संरक्षण के कारण सत्ता हथियाने के लिए षड्यंत्र रचकर संस्थाओं के अध्यक्ष से लेकर जिला बैंकों के अध्यक्ष तक बन जाते है जिसे सभी का समर्थन प्राप्त होता है। अगर साक्ष्यों के साथ ऐसे डिफाल्टर प्रतिनिधि या संस्था की शिकायत की जाती है तब राजनीतिक दबाव के रहते पंजीयक पदेन आयुक्त से लेकर संयुक्त आयुक्त तक जांच के नाम पर उसका पाँच साल का कार्यकाल निकाल देंने के बाद निर्णय देंगे जिसमें शिकायत में वे डिफाल्टर या अपात्र हो जाये तो उनकी शिकायत के बाद अपात्र होने के निर्णय तक लिये गये किसी भी निर्णय या कार्यवाही को शून्य घोषित किये जाने की अपेक्षा विधिक मान्यता दी जाकर सहकारिता में यह भ्रष्टाचार विकराल रूप ले चुका है। मध्य प्रदेश के सहकारी अधिनियम में राज्य सरकार सीधे संशोधन की अधिकारिता रखती है और इसलिए इस सरकार ने अनेक संशोधन किये फिर भी सहकारिता का विस्तार जिस गति से होना चाहिए नहीं हुआ और न ही मध्य प्रदेश में सहकारी आन्दोलन जनता के बीच अपना विश्वास जमा पाया। सहकारी संस्थाओं की स्थापना का उददेश्य ही यही है कि समाज के ऐसे लोग जिनके पास साधनों का अभाव होता है, अपने परिवार के दायित्वों की पूर्ति हेतु मिलजुल कर व्यापार करना चाहते है, ऐसे सभी कृषक और मजदूर वर्ग के उत्थान सहकारी संस्थाओं से जुड़कर कार्य की शुरुआत कर सकते है। सहकारिता संस्थाओं में छोटे,बड़े अमीर गरीब का,कोई भेदभाव को स्थान नहीं हैं और न ही ऐसी संस्थाएँ व्यापार व सेवा मान के मिश्रण की संस्था है इसका उद्देश्य अधिक लाभ कमाना नहीं है ऐसी संस्थाओं का उद्देश्य समाज को शोषण से बचाने तथा उनके अधिनियम के तहत नैतिकता व सहज एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त का पालन कर सबके लिये अनिवार्यतया लागू हो तथा जिन अधिकारियों को सहकारी अधिनियम की पालना का दायित्व है उनका आचरण आतंक का न होकर, मार्गदर्शक एवं सहायक का होना चाहिये जिसका आज अभाव है। समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी में खरीदी केन्द्रों को आवंटित करने के लिए बोलिया लगाई जाकर उपायुक्त सहकारिता, उपसंचालक कृषि आदि करोड़ों रूपये नर्मदापुरम में कमा रहे है, अरबों रुपयों की मूंग,गेहू और धान रिजेक्ट होने के बाद सरकार को चुना लग चूका है किन्तु जिम्मेदारी जिनपर है वे ही सर्वेसर्वा होने से हर वर्ष अरबों रूपये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है और समितिओं में ताला लगने की नोबत आ गई,जिससे निपटने के लिए इन अधिकारियों ने स्वसहायता समूहों को खरीदी का काम दे रखा है जबकि उनके पास खाते में हजार रूपये नहीं वे अरबों रूपये की खरीदी कर करोड़ों का कमीशन पाने के बाद आज भी वे समूह लखपति नहीं हो सके है, यह सब चौकाने वाले तथ्य है।

भारत में ही नही अपितु सहकारिता समूचे विश्व में व्याप्त है। हमारे देश में स्वतंत्रता के पूर्व सन् 1894 में सहकारिता का प्रादुर्भाव हुआ जिसमें मूलतः किसानों को साहूकारी प्रथा से मुक्त कराना उद्देश्य रहा है। सहकारिता का अर्थ ही सहकारी से बना है याने सहयोग से किया जाने वाला कार्य सहकारी है। इस सहकारी क्षेत्र में बहुत बड़े उथल-पुथल हुए अधिनियम बनाए गये उनमे निरंतर संशोधन होते रहे है और हो रहे है। किन्तु वास्तविकता के आधार पर देखा जाये तो सहकारिता का ह्रास हुआ है। इसका मुख्य कारण आज सरकार ने सहकारिता को केवल मात्र बडे बडे किसान सम्मेलन, राजनीतिक सभाओं में शक्ति प्रदर्शन के लिये भीड जुटाने में अपना स्वार्थ निकालना व राजनीतिक लाभ प्राप्त करने तक सीमित रखा है। हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री महोदय माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने शासन काल में प्रदेश के समस्त मुख्यमंत्री महोदय के सम्मेलन में 25 अगस्त को उद्बोधन दिया था कि सहकारी संस्थाओं से राजनीति और नौकरशाहों को दूर किया जाये। उन्होंने इस सामाजिक आन्दोलन में भ्रष्ट लोगों को घुसपैठ की चर्चा की तथा सहकारी क्षेत्र में बेहतर अभि शासन प्रतिमानों की स्थापना तथा सख्ती के साथ अमल करने की जरूरत बताई। तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री श्री वाजपेई जी ने कहा कि देश कई भागों में सहकारिता को राजनीतिक शक्ति के रूप में उपयोग किया जाता है,सहकारी चुनाव राजनीतिक दलों तथा व्यक्तियों में दुश्मनी के अखाड़े के रूप में सामने आते है सहकारी संस्थाओं में अनियमितता, डूबते कार्यो,कर्जो तथा बड़ती हानि का आकार,भ्रष्टाचार, पक्षपात के कारण आम जनता तथा सदस्यों के विश्वास को डिगाते है ऐसे उद्बोधन से सहकारिता के क्षेत्र को एक नई दिशा दी किन्तु उनका उदबोधन उनके तक ही सीमित रहा है।

भारत में सहकारी संस्थाओं की स्थापना भारतीय सहकारी समिति अधिनियम 1912 के अधीन हुई है और देश के स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले से चल रहा सहकारिता आन्दोलन आज विराट रूप धारण कर चुका है और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके चलते देशवासी आर्थिक रूप से समृद्ध तो हुए ही है साथ बेरोजगारी की समस्या भी बहुत हद तक कम हुई है। भारत में सहकारिता की यह निश्चित व्याख्या सन 1904 में अंग्रेजों ने कानून बनाकर की थी। कानून बनने के बाद अनेक पंजीकृत संस्थाओं इस क्षेत्र में उतरी। सहकारिता में समाज हित को देखते हुए सरकार के प्रयास से सहकारी संस्थाओं की संख्या में वृद्धि हुई, लेकिन सहकारिता का जो मूल तत्व था वह धीरे-धीरे समाप्त हो गया। सहकारी संस्थाओं में दलीय राजनीति हावी होने लगी। हर जगत लोभ एवं भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया। समितियों के सदस्य निष्क्रिय होते चले गये और सहकारी हस्तक्षेप बढ़ता गया। सहकारिता की इस पृष्ठभूमि, सहकारिता को स्वतंत्रता देने की मांग तथा सहकारिता आन्दोलन को बनाने के लिए सरकार भारतीय अस्तित्व में आई जो सहकारिता के उद्देश्य को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। वर्तमान में देश मे लगभग 5 लाख से अधिक सहकारी संस्थाएं सक्रिय है जिसमे करोड़ो लोगों को रोजगार मिल रहा है समितियां समाज जीवन के अनेक क्षेत्र में काम कर रही है, लेकिन कृषि,उर्वरक और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में इनकी भागीदारी अधिक है। अब तो बैंकिंग क्षेत्र में सहकारी समितियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। लेकिन देश में सहकारी आंदोलन का राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति का साधन बनाकर अनेक विसंगतियों के जाल मे फंसा दिया गया है। सन् 2003 के आंकड़ों से यह ज्ञात हुआ कि इस सहकारी ढांचे का घाटा 10,000 करोड़ (दस हजार करोड़) के ऊपर जा रहा है। इससे यह बात समाने आयी कि यह त्रिस्तरीय रचना डूबने की कगार पर है जिसको बचाने के लिए केन्द्र सन ने प्रो. बैधनाध की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इस वैधनाथन कमेटी ने समस्त पहलुओं का अध्ययन कर वर्ष 2005 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिये कि-1. पूरी संरचना में हिसाब की एक पद्धति हो। 2. प्रत्येक समितियॉ, बैकें पूरी तरह संगणीकृत हो। 3. हिसाब पद्धति तथा (एम आई एस) का प्रशिक्षण दिया जाए। 4. आर्थिक दृष्टि से प्रत्येक स्तर स्वतंत्र हो। एवं 5. प्रशासनिक दृष्टि से भी प्रत्येक स्तर पर समितियां स्वतंत्र हो।

राज्य सरकार को चाहिये कि वह इन समितियों के पंजीयन के बाद इनका समय पर निर्वाचन कराये। यदि समितियों को लगातार 3 साल घाटा हुआ,अथवा कोई भ्रष्टाचार का गंभीर मामला हो अथवा गणपूर्ति न हो तो समिति को स्थगित करे। जिला सहकारी बैंकें भी स्वायत्तता हो, मगर शासन का एक प्रतिनिधि कार्यकारी मंडल में हो, और बैंकों का कार्य रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार चले। इसके लिए राज्य सरकार को अपने कानून में एमओयू के तहत संशोधन करना आवश्यक रहे। मध्यप्रदेश को 1797 करोड़ रुपये की मदद देने की वैधनाथन कमेटी ने सिफारिश की है जिसके आधार पर मप्र सरकार ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये व प्राप्त पैकेज का लाभ लिया है किन्तु वैधनाथन कमेटी की सिफारिशों पर ध्यान नहीं दिया गया । प्रदेश सरकार का यह कार्य सहकारिता के क्षेत्र में अनुचित कार्य है एवं मध्यप्रदेश शासन ने पैकेज की राशि प्राप्त कर केन्द्र शासन के साथ वादाखिलाफी की है व एमओयू पर हस्ताक्षर कर धोखाधडी कर सहकारिता को गंभीर क्षति पहुंचाई है। यही कारण है कि प्रदेश की सहकारी बैंक व समितियां आज भी घाटे से नहीं उबर पायी है और इन समितियों में भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है। भ्रष्टाचार की शिकायतों पर निजी स्वार्थवश ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश सरकार सहकारिता में भ्रष्टाचार फैलाकर सत्ता हथियाना चाहती है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# साथ आये उद्धव-राज ठाकरे की मराठी मानुषों पर सियासी नजर



**अजय कुमार**
लखनऊ,उत्तर प्रदेश



महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा खेला हुआ है। दशकों से सियासत की दुनिया में एक-दूसरे के दुश्मन बने दो भाई एक हो गये हैं। बात राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की हो रही है। दोनों भाइयों ने एक साथ आने पर एक सुर में प्रतिक्रिया व्यक्त की। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने कहाकि जो बाल साहब ठाकरे नहीं कर सके,वह आज देवेंद्र फडणवीस ने कर दिया। उन्होंने हम दोनों भाइयों को साथ खड़ा कर दिया। वहीं, इस मौके पर उद्धव ठाकरे ने भी राज ठाकरे के सुर में सुर मिलाया। उन्होंने कहा कि हम क्या कहते हैं,इससे ज्यादा जरूरी है यह है कि हम साथ हैं। हम साथ आए हैं और साथ ही रहेंगे। हमें इस्तेमाल करके फेंकने वालों को अब हम फेंकेंगे।इस मौके पर दोनों ने कई मुद्दो पर अपनी प्रतिक्रिया दीं। उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आपने हमें बहुत इस्तेमाल कर लिया है। अगर आपके पास बालासाहेब ठाकरे का समर्थन न होता तो आपको महाराष्ट्र में कौन जानता? आप हमें हिंदुत्व सिखाने वाले हैं कौन? उद्धव ने कहा कि जब मुंबई में दंगे हो रहे थे मराठा लोगों ने महाराष्ट्र में सभी हिंदुओं को बचाया था, चाहे वो कोई भी होंगे। अगर आप विरोध के लिए, न्याय पाने के लिए लड़ रहे मराठी लोगों को गुंडा कह रहे हैं तो ठीक है, हम गुंडा हैं।इससे पहले इस मौके पर राज ठाकरे ने कहा कि हिंदी अच्छी भाषा है। हमें हिंदी अच्छी लगती है। सारी भाषाएं अच्छी हैं। लेकिन हिंदी भाषा को थोपा जाना बर्दाश्त नहीं। राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठी लोगों की मजबूत एकता के कारण त्रिभाषा फार्मूले पर फैसला वापस लिया। त्रिभाषा फार्मूला पर फैसला मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश का मुख्य हिस्सा था। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने केंद्र सरकार पर कथित रूप से देशभर में हिंदी थोपने को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की आलोचना की, बल्कि भारतीय जनता पार्टी ( को भी उसकी हिंदुत्व की परिभाषा पर सवालों के घेरे में खड़ा किया। राज ठाकरे ने लाल कृष्ण आडवाणी का उदाहरण देते हुए कहा, एलके आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े हैं। क्या वह कम हिंदू हो गए? राज ठाकरे ने आगे कहा कि भाषा का व्यक्ति से क्या लेना-देना उन्होंने कहाकि बालासाहेब ठाकरे और मेरे पिता श्रीकांत ठाकरे ने इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई की। बालासाहेब ठाकरे ने अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाई की, अंग्रेजी अखबार में काम किया लेकिन मराठी को लेकर कभी समझौता नहीं किया। दक्षिण भारत के कई राजनीतिक नेता और फिल्मी हस्तियां अंग्रेजी विद्यालयों में पढ़ी,लेकिन उन्हें तमिल और तेलुगु भाषा पर गर्व है।

# निःस्वार्थ प्रेम में सृजन छुपा होता है...



**लक्ष्मीनारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

जब तक मानव का अस्तित्व है तब तक प्रेम का स्वरूप धरा पर मौजूद रहेगा।प्रेम ही एक ऐसा भाव है जो मनुष्य के जीवन में निस्वार्थ शब्द को परिभाषित करता है। एक मां नौ माह तक अपने बच्चें को कोख में रखती है और बड़े होते तक हर समस्याओं से लड़ कर बच्चें को तैयार करती है।एक मां कभी अपेक्षा नही रखती प्रसव पीड़ा और संतान परवरिश के दौरान क्योंकि मां का प्रेम पूर्णतः निस्वार्थ है। निस्वार्थ प्रेम अपेक्षा से कहीं अधिक उपेक्षा से प्रेरित होता है। निस्वार्थ प्रेम अपेक्षा से नहीं बल्कि उपेक्षा से प्रायः पोषित होता है। गोस्वामी तुलसीदास जी अपने पत्नी रत्नावली से बेपनाह प्रेम करता है और प्रेम के खातिर भरे बरसात के माह में तुलसीदास जी अपने पत्नी से मिलने जब जाता है तो नदी को पार करते समय शव को नाव समझ बैठता है और घर के अंदर जाने के लिए सर्प को डोर समझ लेता है और उसके सहारे पत्नी के पास पहुंच जाते है।देख तुलसीदास जी को उनके पत्नी उलाहना भरें शब्दों में कहती है कि आप जितना प्रेम मुझसे करते हो उतना ही प्रेम यदि तुम ईश्वर से करते तो आप का मुक्ति हो जाता है। पत्नी के इस तीखे शब्द से तुलसीदास जी के मन में वैराग्य उत्पन्न हो जाता है और गागर में सागर जैसे महाकाव्य श्री राम चरित मानस का रचना कर पूरे मानव समाज का आदि अनन्त तक मार्गदर्शक बन जाता है। मां-बेटे का प्रेम तो स्वाभाविक है पर माता कैकेई ने श्री राम जी के लिए चौदह वर्ष का वनवास अपने पति राजा दशरथ से मांगा भले यहां पर हमारे नजर में कैकेई का स्वार्थ नजर आता है और कैकेई माता को समाज स्वार्थी समझता है पर श्रीराम जी के वनवास में माता कैकेई का निस्वार्थ प्रेम समायी हुई थी। माता सीता जी ने एक रजक के लोकापवाद के कारण श्री राम जी के कहने पर महल छोड़ वन को चली जाती हैं। माता कैकेई और माता सीता के निस्वार्थ प्रेम ही श्रीराम जी को एक सामान्य पुरुष से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के रूप में समाज में प्रकट करता है।



# मूसलाधार बारिश से अंबिकापुर का कुंडला सिटी लबालब



## कारें-बाइक डूबीं, सडक़ पर उतरे सांसद व महापौर

अम्बिकापुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। शनिवार की रात से रविवार की सुबह तक हुई मूसलाधार झमाझम बारिश से अंबिकापुर शहर में जगह-जगह पानी भर गया है। कई सडक़ों पर जल जमाव के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शहर के कुंडला सिटी में इतना पानी भर गया है कि लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। कुंडला सिटी में खड़ी कारें व बाइक जहां आधी से अधिक डूब गई हैं, वहीं घरों में पानी घुसने से लोग ऊपरी मंजिल पर रह रहे हैं। घर के बाहर कदम रखना जान जोखिम में डालने वाला है। हालात को देखते हुए सांसद व महापौर सडक़ पर उतरकर जायजा लिया। फिलहाल अंबिकापुर में मूसलाधार बारिश जारी है। मौसम विभाग द्वारा सरगुजा,बलरामपुर,कोरिया,सूरजपुर सहित 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की खाड़ी के गांगेय क्षेत्र में लो प्रेशर बन रहा है,इस वजह से भारी बारिश हो रही है। इसी कड़ी में सरगुजा संभाग में भी शनिवार की रात 8 बजे से सुबह 6.30 बजे तक मूसलाधार बारिश हुई। ऐसे में नदी-नाले जहां उफान पर आ गए हैं,वहीं शहर के निचले इलाके से लेकर पॉश एरिया भी जलमग्न हो गए हैं। दोपहर 12.30 बजे से मूसलाधार बारिश अभी भी जारी है। लोग घरों में दुबके हुए हैं।



### कुंडला सिटी में भरा पानी

शहर के कुंडला सिटी में बारिश का पानी भर गया है। घुटने से ऊपर तक पानी भरे होने की वजह से लोग चाहकर भी घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। यहां घरों के बाहर रखीं कारें व बाइक आधे से अधिक डूब गई हैं, घरों में पानी घुसने से सामान भी खराब हो रहे हैं। लोग जैसे-तैसे सामान बचाव करते दिखे। कुंडला सिटी के अधिकांश लोग ग्राउंड फ्लोर छोडक़र ऊपरी मंजिल पर परिवार सहित रहने को विवश हैं।

### शहर के कई इलाके जलमग्न

मूसलाधार बारिश के कारण शहर के मुख्य मार्ग, रिंग रोड के अलावा घुटरापारा,मठपारा,चोरकाकछार में पानी भरा हुआ है। सडक़ पर पानी जमा होने से जहां लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, वहीं घरों में पानी घुसने से लोग रात्रि जागरण करने व सामानों को सुरक्षित स्थानों में रखने को विवश हुए।



### सांसद व महापौर ने लिया जायजा

शहर में जगह-जगह जलजमाव होने की सूचना पर सांसद चिंतामणि महाराज व महापौर मंजूषा भगत ने शहर की स्थिति का जायजा लिया। भारत माता चौक पर पानी भरने के बाद वहां सांसद रास्ता क्लियर कराते नजर आए,जबकि महापौर ने कुंडला सिटी सहित अन्य स्थानों पर अपनी टीम के साथ जायजा लिया। कुंडला सिटी में जेसीबी से मिट्टी हटाकर पानी बाहर निकालने की कवायद जारी है।

## अंबिकापुर के लिए नवीन मास्टर प्लान की मांग

अम्बिकापुर 06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा नेता आलोक दुबे ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को पत्र लिखकर अंबिकापुर के लिए मास्टर प्लान यथाशीघ्र बनाने की मांग की है। पार्षद आलोक दुबे ने पत्र में लिखा है कि अम्बिकापुर विकास योजना 2021 मई 2006 को तैयार कर लागू किया गया है। उक्त विकास योजना बहुत ज्यादा विसंगती होने के कारण वर्ष 2011 से ही मास्टर प्लान में बदलाव हेतु समय-समय पर नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग की गई है। नगर के नमनाकला में सिविक सेंटर निजी भूमि पर भू-उपयोग रखा गया है, जबकि उक्त क्षेत्र पर सैकड़ों आवासीय भवन पूर्व से निर्मित है। नगर में बिना किसी योजना के एमआर रोड प्रस्तावित किया गया है, जिसका कोई अस्तित्व नहीं है। मास्टर प्लान में उचित बाइपास रोड का प्रावधान नहीं है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा लगभग तीन ओर बाइपास रोड प्रस्तावित किया गया है। बेतरतीब मास्टर प्लान होने की वजह से अम्बिकापुर में जल निकासी का प्रावधान नहीं किये जाने के कारण विगत 2 दिन के अतिवृष्टि के कारण लगभग शहर का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। अम्बिकापुर विकास योजना 2042 का अमृत योजना के तहत जीपीएस बेस मास्टर प्लान तैयार करने का सर्वे एवं अन्य कार्ययोजना तैयार किया जा चुका है। जिसपर ज्यादा काम किया जाना बाकी नहीं है। ऐसी स्थिति में नगर की व्यवस्थित विकास हेतु उक्त विकास योजना को यथाशीघ्र तैयार कर लागू किया जाना आवश्यक है।

## एनएच-30 पर गांजा की तस्करी,एक युवक गिरफ्तार

जगदलपुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)



छ्त्तीसगढ़ के जगदलपुर में नेशनल हाइवे 30 के किनारे खड़े होकर गांजा की तस्करी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ट्रक के पीछे खड़ा होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा था। लेकिन, ग्राहक से पहले पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, युवक का नाम सुनील नाग (45) है। ये जगदलपुर के डोंगाघाट का रहने वाला है। रविवार को नेशनल हाइवे के किनारे ट्रक के पीछे खड़ा था। यहां किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा था। वहीं मुखबिर से पुलिस को इसकी जानकारी मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को पकड़ा। इसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान इसके पास से एक सफेद रंग का झोला बरामद किया गया। जिसमें करीब 1 किलो 425 ग्राम गांजा मिला। इसके बाद पुलिस ने इसे फौरन गिरफ्तार किया और थाना लेकर आए। जगदलपुर सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मैनपाट में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में केवल 54 विधायक और 10 सांसदों को ही निमंत्रण

### निगम मंडल और पूर्व एमएलए और सांसदों को नहीं मिला न्यौता,एक दिन पहले ही पहुंच गए थे मैनपाट,मायूसी लगी हाथ...

**अंबिकापुर,06 जुलाई 2025(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के मैनपाट में 7 जुलाई से होने जा रहे भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में केवल सीटिंग विधायक एवं सांसदों को ही निमंत्रण दिया गया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रदेश के 54 विधायकों और 10 सांसदों को निमंत्रण भेजा गया हैं। निगम मंडलों और संगठन से जुड़े नेताओं को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली है।

प्रशिक्षण शिविर में सांसद और विधायक को ही ट्रेनिंग में बुलाए जानें को लेकर बीजेपी में कई तरह के कयास लगने शुरु हो गए है। बताया जा रहा है कि कई निगम मंडल के अध्यक्ष,पूर्व सांसद और पूर्व विधायक एक दिन पहले ही मैनपाट पहुंचे गए थे,लेकिन अब उन्हें निराश होना पड़ रहा है। वहीं निगम मंडल के नेता आमंत्रण की बाट जोह रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन 7 जुलाई को दोपहर 12ः00 बजे के आस-पास भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, दरिमा एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इस जगह से प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना होंगे। समापन सत्र में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी आएंगे।

प्रशिक्षण शिविर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश,राष्ट्रीय संगठक वी सतीश और भाजपा के प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन,केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री BL संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े संबोधित करेंगे। खास बात ये है कि प्रशिक्षण शिविर छत्तीसगढ़ पार्टी संगठन के किसी भी सीनियर नेता को प्रशिक्षण देने का मौका नहीं दिया गया है। 9 जुलाई को प्रशिक्षण शिविर का समापन होगा। इस दिन देश के गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम प्रस्तावित है।




### मोबाइल ले जाना रहेगा प्रतिबंधित

मिली जानकरी के अनुसार प्रशिक्षण शिविर में सरकारी कामकाज, योजना से जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी। जनता से नेता कैसे कनेक्ट रहें इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में जिन विधायकों और सांसदों को आमंत्रित किया गया है उन्हें शिविर में मोबाइल लेकर जाने पर प्रतिबंध होगा।



## तिब्बतियों ने धर्मगुरु दलाई लामा का 90वां जन्मदिन

अम्बिकापुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। मैनपाट के बौद्ध मंदिर में तिब्बती शरणार्थियों द्वारा केक काटकर दलाई लामा का जन्मदिन सेलिब्रेट किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-पाठ से हुई। इसके बाद बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। दिनभर अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस संबंध में तिब्बती शरणार्थियों का कहना है कि धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन इस बार इसलिए भी खास है कि यह उनका 90वां जन्मदिवस है। धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन मनाने काफी संख्या में तिब्बती समाज बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक बौद्ध मंदिर में एकत्र हुए। इस दौरान केक काटकर धर्मगुरु का बर्थडे सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान तिब्बती समाज के बच्चों ने प्रार्थना कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। हम आपको बता दें कि तिब्बती शरणार्थियों द्वारा हर वर्ष धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।



## रायगढ़ में बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

### साइकिल से बाजार जा रहा था,बस को थाना के पास खड़ी कर ड्राइवर फरार

**रायगढ़,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले रविवार को एक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार बस ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक,बायसी कॉलोनी का रहने वाला मनोरजंन दास रविवार सुबह करीब 11 बजे वह साइकिल से किसी जरूरी काम से बाजार जा रहे थे। उसी दौरान बिलासपुर से



जशपुर जा रही हनुमान बस के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

**मौके पर ही हो गई मौत :** टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खून से लथपथ मनोरंजन दास की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

**ड्राइवर मौके से भागा :** बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आरोपी बस चालक ने वाहन को थाना के पास खड़ा कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा।

**पुलिस जांच में जुटी :** फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## सुकमा में नक्सलियों पर पुलिस का शिकंजा,दो सक्रिय माओवादी गिरफ्तार



सुकमा,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। थाना चिंतलनार क्षेत्र में सक्रिय जगरगुंडा एरिया कमेटी के दो नक्सलियों को पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नक्सली एक ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर उसकी हत्या की कोशिश में शामिल थे। जानकारी के मुताबिक,गिरफ्तार नक्सली हेमला सुक्का और तेलाम हड़मा,दोनों ग्राम तिम्मापुरम थाना चिंतलनार के रहने वाले हैं और माओवादी संगठन के मिलिशिया सदस्य हैं। ये दोनों 19 जून 2025 को ग्राम तिम्मापुरम के निवासी मुचाकी हितेश पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर लाठी-डंडों से मारपीट करने और रस्सी से गला दबाकर हत्या का प्रयास करने की वारदात में शामिल थे। घायल हितेश को नक्सली मृत समझकर जंगल में अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के संबंध में थाना चिंतलनार में पहले ही मामला दर्ज किया गया था। इसी सिलसिले में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना चिंतलनार के प्रभारी उनि. विमल वट्टी, चिंतागुफा से उनि. कुलदीप राय, तथा पुलनपाड़ कैंप से एसी अमन अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जिला बल व 223वीं बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने ग्राम तिम्मापुरम और आस-पास के क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया।

# लाल सागर में यमन के पास जहाज पर हमला

## गोलीबारी और रॉकेट दागे गए,सुरक्षा बलों ने दिया जवाब

दुबई,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

यमन के तट के पास लाल सागर में एक जहाज पर रविवार को हमला हुआ। ब्रिटेन की निगरानी एजेंसी यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि कुछ हथियारबंद लोगों ने जहाज पर गोलियां चलाईं और रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) से हमला किया।



### स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है : ब्रिटिश एजेंसी

अभी तक यह साफ नहीं है कि इस हमले के पीछे कौन है, लेकिन यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पूरा मध्य पूर्व पहले से ही तनाव में है...जैसे इस्राइल-हमास युद्ध,ईरान-इस्राइल संघर्ष और अमेरिका की तरफ से ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमला। इस मामले में यूकेएमटीओ ने बताया कि जहाज पर तैनात सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग की है और स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। एजेंसी ने कहा कि अधिकारियों की तरफ से जांच की जारी है।

### हूती विद्रोहियों पर हमले की आशंका

यमन के हूती विद्रोही पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उनका दावा है कि वे गाजा में इस्राइल के हमले के विरोध में ऐसा कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक, नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हूतियों ने 100 से ज्यादा जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इनमें से दो जहाज डूब गए और चार नाविकों की मौत हुई। इस कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग पर असर पड़ा, जहां हर साल लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है।

**हूतियों की स्थिति,यमन में गृहयुद्ध :** बता दें कि, मार्च 2025 में अमेरिका ने हूती ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद हूतियों ने अपनी खुद के घोषित संघर्ष विराम को तोड़ दिया। हालांकि इसके बाद से उन्होंने सीधे किसी जहाज को नहीं निशाना बनाया, लेकिन इस्राइल की ओर मिसाइलें दागी जाती रही हैं। उधर,यमन में पिछले 10 वर्षों से चल रहा गृहयुद्ध-हूती विद्रोहियों और निर्वासित यमनी सरकार के बीच- अब भी सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के समर्थन से जारी है। लेकिन युद्ध एक तरह के जमीनी गतिरोध में फंसा हुआ है।

**समुद्री डकैती का खतरा भी :** इसके साथ ही सोमालिया के समुद्री डकैत भी इस क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। हालांकि उनका मकसद आम तौर पर जहाज को लूटना या फिर चालक दल को बंधक बनाकर फिरौती वसूलना होता है।

# अब ट्रंप को सीधी चुनौती! मस्क ने बनाई अमेरिकन पार्टी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका की राजनीति में बड़ा धमाका हो गया है। टेस्ला के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने खुद की राजनीतिक पार्टी बना ली है। मस्क ने शनिवार को एलान किया कि वो 'अमेरिकन पार्टी' शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये पार्टी अमेरिकी नागरिकों को उनकी आजादी लौटाने के लिए बनाई गई है। ये फैसला ऐसे वक्त पर आया है जब मस्क और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच खींचतान बढ़ गई है।

एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब देश को बर्बाद करने वाली बेवजह की खर्चीली नीतियां बनाई जाती हैं, तब असल में हम एक पार्टी सिस्टम में जी रहे होते हैं, ना कि लोकतंत्र में। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में लोगों के पास असली राजनीतिक विकल्प नहीं बचे हैं। इसी वजह से वो अपना राजनीतिक दल यानी 'अमेरिकन पार्टी' लेकर आए हैं।

**एक्स पर पोल के बाद लिया बड़ा फैसला :** दरअसल, मस्क ने कुछ दिन पहले एक्स पर एक पोल करवाया था। उन्होंने पूछा था कि क्या उन्हें नई राजनीतिक पार्टी शुरू करनी चाहिए। इस पोल में 65 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया। इसके बाद मस्क ने कहा कि दो-एक के अंतर से आप लोगों ने नई पार्टी चाही है और अब आपको ये मिल रही है। मस्क का कहना है कि उनकी पार्टी का मकसद अमेरिकी नागरिकों को खोई हुई आजादी वापस दिलाना है।

**ट्रंप के बिल का खुलकर विरोध किया :** एलन मस्क और डोनाल्ड ट्रंप के बीच विवाद की जड़ अमेरिका की नई बिग ब्यूटीफुल बिल है। इस बिल को अमेरिकी कांग्रेस ने चार जुलाई को पास किया और ट्रंप ने खास अंदाज में व्हाइट हाउस के बाहर इसका जश्न भी मनाया। लेकिन मस्क ने इस बिल को देश के लिए नुकसानदायक बताया है।

उनका कहना है कि ये बिल देश के खजाने पर बोझ बढ़ाएगा और अमेरिका को कर्ज में डुबो देगा। मस्क ने साफ कर दिया है कि वो सिर्फ ट्रंप से नहीं, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के उन नेताओं से भी नाराज हैं जिन्होंने इस बिल को समर्थन दिया।

# दलाई लामा उत्तराधिकारी नहीं चुन सकते, यह परंपरा 700 साल से चली आ रही,उन्हें बदलने का अधिकार नहीं : चीनी राजदूत

नई दिल्ली,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकार वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी है। फेइहोंग ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 14वें दलाई लामा ने कहा है कि दलाई लामा की परंपरा आगे भी जारी रहेगी। हालांकि तिब्बती बौद्ध धर्म जीवित बुद्ध के पुनर्जन्म की परंपरा 700 साल से चली रही है। फेइहोंग ने कहा 14वें दलाई लामा इस ऐतिहासिक और धार्मिक परंपरा का हिस्सा हैं। दलाई लामाओं का पुनर्जन्म ना तो उनसे शुरू हुआ था, और ना ही उनके कारण खत्म होगा। परंपरा को जारी रखना है या खत्म करने का फैसला सिर्फ 14वें दलाई लामा के हाथ में नहीं है। वे अकेले यह तय नहीं कर सकते कि पुनर्जन्म की परंपरा चलेगी या नहीं। विवाद की शुरुआत 2 जुलाई को हिमाचल में दलाई लामा के बयान से हुई। यहां उन्होंने कहा था कि उनके उत्तराधिकारी को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार तिब्बती बौद्ध गुरुओं को है।



### 40 साल और जिंदा रहूंगा : दलाई लामा

दलाई लामा ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वे 130 साल की उम्र तक यानी अभी 40 साल और जिंदा रहेंगे। लामा ने कहा कि उन्होंने अब तक पूरी मेहनत की है। प्रभु के आशीर्वाद से उम्मीद है कि वे 30-40 साल और जिंदा रहेंगे और बुद्ध धर्म और जीवों की सेवा करते रहेंगे। लामा ने ये बात हाल ही में अपनी मौत के बाद फिर से जन्म लेने (पुनर्जन्म) की इच्छा जाहिर करने के कुछ दिन बाद कही है। उनके इस बयान के बाद उनके उत्तराधिकारी को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर भी रोक लग गई है। दलाई लामा ने यह बात धर्मशाला में एक दीर्घायु प्रार्थना सभा के दौरान कही, जहां हजारों अनुयायी उन्हें सुनने आए थे। उन्होंने दलाई लामा ने इससे पहले दिसंबर में रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे 110 साल तक जी सकते हैं।

### भारत बोला-धार्मिक मामले पर बात नहीं करते

भारतीय विदेश मंत्रालय ने दलाई लामा के उत्तराधिकार पर कहा- भारत सरकार आस्था और धार्मिक प्रथाओं से जुड़े मामलों पर न तो कोई रुख अपनाती है और न बोलती है। आगे भी ऐसा करती रहेगी। हमने दलाई लामा के बयान से संबंधित रिपोर्ट्स देखी हैं। भारत के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने 3 जुलाई को दलाई लामा के इस बयान का समर्थन किया था। रिजिजू ने कहा था कि दलाई लामा को अपने उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार होना चाहिए। इस बयान पर चीन ने नाराजगी जताई थी। चीन ने कहा- तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर भारत को सावधानी बरतनी चाहिए।चीन ने यह भी कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को चीन की सरकार की मंजूरी लेनी होगी। चीनी कानूनों, नियमों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों और ऐतिहासिक परंपराओं का भी पालन करना होगा। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 2 जुलाई को 3 दिवसीय 15वां तिब्बती धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ था। यहां दलाई लामा ने दोटूक कहा था- दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी।

# इस्राइली हवाई हमलों में हमास नौसैन्य कमांडर समेत तीन लड़ाके मारे गए,आईडीएफ ने 130 ठिकानों पर किए हमले

गाजा पट्टी,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

इस्राइली सेना ने गाजा पर हवाई हमलों में हमास के नौसैनिक बल के कमांडर रामजी रमजान अब्द अली सालेह समेत तीन लड़ाकों को मार गिराया। सालेह उत्तरी गाजा पट्टी में हमास के नौसैन्य बल का प्रमुख था। इस्राइली सेना ने गाजा में आतंकरोधी अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत उसने 24 घंटे के भीतर गाजा के 130 ठिकानों पर हमले किए। इस्राइली सेना ने बताया कि सालेह आतंकी संगठन हमास का एक अहम सदस्य था। वह हाल के हफ्तों में गाजा पट्टी में सक्रिय इस्राइली सैनिकों के खिलाफ समुद्र के जरिये आतंकी हमलों की योजना बनाने और उनके क्रियान्वयन में शामिल था। सालेह के साथ हमास की मोर्टार शेल इकाई के उप प्रमुख हिशाम अयमान अतिया मंसूर व सेल से जुड़े निसिम मुहम्मद सुलेमान अबू सबहा भी मारे गए। इस्राइली सशस्त्र सेना ने गाजा पट्टी में छापे मारे और हमले किए। दक्षिणी गाजा में लड़ाकू दलों ने खान यूनिस में हथियार व उपकरण बरामद किए। राफा के पड़ोस में स्थित जेनिना में आतंकी सुरंगों को नष्ट कर दिया। गाजा शहर में सैनिकों ने आतंकियों को मार गिराया और निगरानी चौकियों व आतंकी प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया। सेना ने एक विस्फोटक डिपो को भी नष्ट कर दिया। हमास की कई इमारतों को निशाना बनाया।

### 38 फलस्तीनी मारे गए

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार,गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इस्राइली हमलों में कम से कम 38 फलस्तीनी मारे गए। ये हमले ऐसे वक्त में हुए हैं, जब इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्धविराम वार्ता के लिए



# राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार कर रहा चीन, फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में दावा

पेरिस,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है,जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था,जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए,जिनमें एक राफेल,एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है।

**फ्रांस के रक्षा निर्यात में राफेल अहम :** फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं।

# रायपुर में किसान-जवान-संविधान सभा आज

## बारिश है,बादल हैं,लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोशःपायलट

रायपुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के रायपुर में आज कांग्रेस किसान-जवान-संविधान जनसभा है। इसे लेकर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि,बारिश है,बादल हैं,लेकिन कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है। इस कार्यक्रम से कांग्रेस की भविष्य की तैयारी पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि एक दिशा तय की जाएगी कि किस दिशा में कांग्रेस पार्टी को चलना है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है। प्रदेश में जनता परेशान है। हर मोर्चे पर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही सचिन पायलट ने रविवार को साइंस कॉलेज मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मंच, पंडाल, सुरक्षा और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी मौजूद थे।

### सचिन पायलट बोले- खड़गे और राहुल का संदेश लेकर लौटेंगे कार्यकर्ता

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, यह सभा सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की दिशा में एक कदम है। मल्लिकार्जुन खड़गे का एक दिवसीय दौरा है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस की जनसभा के बाद के बाद पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक होगी। जिस पर सचिन पायलट ने कहा कि जनसभा के बाद कांग्रेस पार्टी की बैठक होगी। दिशा निर्देश तय होंगे आगामी समय में कांग्रेस कैसे चलेगी। पायलट ने कहा कि इस बैठक में आने वाले समय के लिए कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ रणनीति बनाएगी। छत्तीसगढ़ में पॉलिटिकल लीडरशिप को लेकर खींचतान है। बीजेपी जिन वादों के साथ सत्ता पाई थी। उन वादों पर वे खरी नहीं उतर पाई है।

### सरकारी व्यवस्थाओं से जनता का भरोसा उठ रहा

आज से शुरू हो रहे भाजपा के प्रशिक्षण के सवाल पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि हम किसी पर भी कमेंट नहीं करेंगे। बीजेपी को जो मर्जी करना है करे,लेकिन प्रदेश उनके हाथ में है, तो जवाबदेही उनकी बनती है। पायलट ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है,जनता परेशान है। सरकार की व्यवस्थाओं के ऊपर से लोगों का विश्वास उठ रहा है। बीजेपी जवाब नहीं देती। उनके प्रधानमंत्री विदेश घूमते हैं। राज्य में जनता परेशान है।

# मोहर्रम पर्व पर शहर में मुस्लिम समुदाय ने निकाला जुलूस

अम्बिकापुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरे जिले में रविवार को मोहर्रम का पर्व शांति व सादगी पूर्वक मनाया गया। मोहर्रम के दसवें दिन शहर में मुस्लिम समाज के लोगों ने शांति पूर्वक जुलूस निकाला। ताजिये व अलमदार द्वारा अपने-अपने चौक पर सुबह 8 बजे से फातेहा खानी व लंगरखानी की गई। फातेहा खानी के बाद दसवीं मोहर्रम का जुलूस श्रीगढ़ से निकला। इसके बाद जुलूस पर्राडांड, महामाया रोड, महामाया चौक, कदम्बी चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक से होते हुए पैलेस रोड होते हुए वापस हुआ। इसके बाद अंत में करबला में फातिहा खानी कर मोहर्रम के पहलाम का विधिवत समापन देर रात को किया गया। मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हसन-हुसैन के शहादत की याद का मातमी पर्व मोहर्रम पिछले 10 दिनों से मनाया जा रहा था। समाज के लोगों द्वारा अपने घरों में फातिहा खानी के साथ ही मिलाद शरीफ का आयोजन किया। समाज के लोग




अपने ताजिया व अलम के साथ शहर के विभिन्न मार्ग से होते हुए सदर रोड स्थित कदम्बी चौक पहुंचे। यहां समाज के लोगों द्वारा जुलूस का मिलन कराया गया व विभिन्न प्रकार के करतब दिखाए गए। इस दौरान जुलूस में महिलाएं भी शामिल रहीं। पुलिस प्रशासन द्वारा मोहर्रम के आयोजन को लेकर पूर्व से ही तैयारी की गई थी। सुबह से ही जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। मोहर्रम जुलूस के दौरान भी पुलिस की सक्रियता देखी गई। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने में मुस्लिम समाज के लोगों की भी भूमिका अहम रही।



## तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर, जर्जर पुलिया के कारण

# गगर नदी में गिरी आयशर ट्रक

राजपुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर मुख्य मार्ग एनएच 343 जर्जर सड़क और जर्जर हो चुके पुल के कारण आयशर ट्रक गागर नदी में गिर कर पलट गई। सूचना उपरांत मौके पर पुलिस पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से चालक और वाहन में बैठे लोगों को बाहर निकाला। अंबिकापुर की ओर से किराना समान लेकर कुसमी जा रही हैं रविवार की सुबह करीब सात बजे आयशर मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीके 4099 लगातार तेज हो रही बारिश और खराब सड़क की वजह से अनियंत्रित होकर गागर नदी में जा गिरी। वहीं सूचना उपरांत मौके पुलिस पहुंची, पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से मिनी ट्रक चालक व अन्य सवार लोगो को सुरक्षित बाहर निकला गया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग के दुर्दशा के कारण लगातार मार्ग में हादसे हो रहें हैं वहीं इन सब हादसों के बीच राष्ट्रीय राज्य मार्ग के जिम्मेदार अपने घरों में कंठी मार बैठे हुए हैं।





# तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर

राजपुर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में शनिवार की रात्रि से लगातार बारिश होने से राजपुर से तीन किलोमीटर दूर ओकरा गेउर नदी उफान पर आने से घंटो आवागमन बाधित रहा। शानिवार की रात्रि से रविवार सुबह तक लगातार बारिश होने के कारण ओकरा के गेउर नदी के ऊपर करीब 3 फ़ीट पानी उफान आने के कारण आधा दर्जन गांवों का सम्पर्क टूटा। इसके कारण ओकरा, पतरापारा, अमदरी, कोरगी, खुमरी, डीगनगर आदि का सम्पर्क घंटो तक आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। ओकरा नदी उफान आने के कारण साप्ताहिक बाज़ार जाने वाले गांव के ग्रामीण फसे रहें। शनिवार की दरम्यानी रात्रि से लगातार बारिश होने के कारण गेउर नदी,गागर नदी,गोपालपुर महान नदी, बासेन महान नदी, छोटे- छोटे पुलिया, नाले,खेत उफान पर है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती-घटना
सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार
अम्बिकापुर,रविवार 06 जुलाई 2025
6

बंदरों का आतंक

बैकुंठपुर के कटकोना में लोगों का रहना हुआ दूभर...
प्रतिदिन बंदरों के हमले से घायल हो रहे लोग

कटकोना क्षेत्र में बंदरों की संख्या इंसानों की संख्या से हुई पार...प्रवासियों की संख्या से दुगने हो गए हैं बंदरों की संख्या

पिछले 1 महीने में दर्जनों लोग बंदरों के हमले से हुए घायल, एक की हुई मौत
चलती गाड़ी पर भी कूद रहे हैं बंदर और मोटरसाइकिल वाले हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार

बंदरों की बढ़ती जनसंख्या बनी परेशानी

दो प्रजातियों के बंदर...दोनों बने हैं समस्या

राह पर बाइक से चलने वालों पर भी करते हैं हमला दुर्घटना का भी खतरा ऐसे में ही जा चुकी है एक महिला की जान

# दैनिक घटती-घटना के खबर का असर...

# 30 लोगों पर हमला करने वाला बंदर वन विभाग के पिंजरे में हुआ कैद...

## रेस्क्यू करके वन विभाग ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को पकड़ने में पाई सफलता

## एक बंदर ने किया है 30 लोगों को घायल...बंदर को पकड़ने के बाद वन विभाग उसे रामगढ़ के जंगलों में छोड़ेगा

## जिस बंदर को पकड़ा गया है उसे बताया जा रहा है पागल


यही था आदमखोर बंदर जिसने लोगों को कर रखा था परेशान.. आखिर वन विभाग को मिली पकड़ने में सफलता


बंदर के पकड़े जान के बाद लोगों ने ली राहत की सांस



-संवाददाता-
बैकुंठपुर/पटना,06 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।

दैनिक घटती-घटना की खबर से तत्काल संज्ञान लेते हुए कोरिया जिला वन विभाग ने एक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और कोरिया जिले के कटकोना कॉलरी कॉलोनी से उस बंदर को पकड़कर पिंजड़े में बंद कर लिया जिसने 30 लोगों पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया था।

बताया जा रहा है कि वह बंदर जिसे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर वन विभाग ने पकड़ा वह पागल हो गया था और वह लगातार कालोनी वासियों को घायल कर रहा था उनके ऊपर हमला कर रहा था। हमला करने वाला बंदर वन विभाग द्वारा पकड़कर रामगढ़ के जंगलों में छोड़ा जाएगा ऐसा बताया जा रहा है वहीं अब कॉलोनी वासियों ने राहत की सांस ली है और उन्होंने यह उम्मीद जाहिर की है कि वन विभाग लगातार इसी तरह बंदरों के मामले में तत्काल संज्ञान लेगा और उन्हें रहवासी क्षेत्र से दूर करने का कार्य करेगा,बता दें कि कटकोना कॉलरी क्षेत्र में बंदरों का आतंक मामले पर दिनांक 06 जुलाई को ही खबर दैनिक घटती-घटना ने प्रकाशित की थी और उसके कुछ घंटे बाद ही वन विभाग एक्शन मोड में नजर आया और उसने कम से कम उस बंदर का रेस्क्यू किया जो बताया जा रहा है कि पागल हो चुका था और जो रहवासियों पर लगातार हमला कर रहा था उन्हें बुरी तरह घायल कर रहा था। बंदरों के मामले में कटकोना कॉलरी कॉलोनी की स्थिति अब ऐसी बताई जा रही है कि वहां इंसानों से ज्यादा बंदरो की संख्या हो चुकी है वहीं वह लगातार इंसानों पर हमला कर रहे हैं और लोग डर के साए में जी रहे हैं। पूरे मामले में लोग अपनी जान से ज्यादा अपने बच्चों के लिए भी चिंतित हैं क्योंकि बंदर छोटे बड़े हर इंसान पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। खाने पीने के सामनों की तलाश करते बंदर अब संख्या में इतने हो चुके हैं कि वह इंसानों पर हमला कर रहे हैं क्योंकि उन्हें उनकी भूख ऐसा करने मजबूर कर रही है। बताया जा रहा है कि हाल ही में एक महिला की इसी कारण मौत हो गई जब एक बंदर महिला जिस बाइक पर बैठकर कहीं जा रही थी जिसके ऊपर बंदर ने हमला किया और बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई।


बंदर को पकड़ने के बाद गाड़ी में रखते हुए वन अमला

### यह था पूरा मामला

बता दें कि कटकोना ग्राम एसईसीएल के कर्मचारियों का भी रहवासी क्षेत्र है,इस ग्राम में ही एसईसीएल (कोयला खदान) के अधिकारियों कर्मचारियों की कालोनियां हैं,इन कालोनियों में हजारों लोग अधिकारी कर्मचारी निवास करते हैं और आज इन हजारों कालोनी निवासियों सहित ग्राम के अन्य निवासियों का जीना दूभर हो चुका है और वह बंदरों के आतंक से लगातार डरे सहमे हैं, बंदरों की संख्या आज ग्राम के लोगों से अधिक हो चुकी है और बंदरों द्वारा लगातार ग्राम के लोगों को अपने आतंक का शिकार बनाया जा रहा है,कालोनी सहित ग्राम के लोग दो पहिया वाहन में हों या पैदल या अन्य साधनों से बंदरों के द्वारा उन्हें लगातार घायल करने का काम किया जा रहा है और कई बार दोपहिया वाहन चालक इसी वजह से दुर्घटना का भी शिकार हो जा रहे है हैं। एक व्यक्ति मृत्यु भी इस हमले में हुई है। ग्रामीणों सहित कालोनी निवासियों का कहना है कि उनकी इस बंदर वाली समस्या का हल कोई नहीं कर रहा है और वह आतंक के साए में जीने मजबूर हैं। ग्राम के लोगों के अनुसार पहले बंदर खाने पीने की चीजों पर धावा बोलते थे अब बंदर लोगों पर सीधे आक्रमण कर रहे हैं उन्हें नुकसान शारीरिक पंहुचा रहे हैं,ग्राम के लोगों का कहना है कि पहले खाने पीने की चीजें लोग बचाते थे बंदरों से अब वह जान बचाने मजबूर हैं। बंदरों के मामले में उनके आतंक के मामले में कोई ग्राम के लोगों की ओर ध्यान नहीं दे रहा है और इनसे छुटकारा कैसे मिले यह कोई नहीं चाहता ऐसा ग्राम के लोगों का कहना है। कटकोना में बंदरों की संख्या काफी अधिक हो चुकी है,पहले यह संख्या कम थी तब समस्या कुछ कम थी उनका आतंक भी कम था अब लेकिन संख्या लोगों से ग्रामवासियों से अधिक हो चुकी है,ग्रामवासियों के अनुसार बंदरों की संख्या की मुख्य वजह खाने पीने की चीजों की कमी है जो जंगलों में कम हुई इसलिए वह कालोनियों की तरफ पलायन कर रहे हैं।

### बंदर को पकड़ने में 3 घंटे की हुई मशक्कत

बंदर को पकड़ने में 3 घंटे की मशक्कत लगने की बात सामने आई है,बंदर बड़ी मुश्किल से 3 घंटे के प्रयासों उपरांत वन विभाग के पिंजड़े में कैद हो सका है,बताया जा रहा है पहले चिन्हांकित किया गया की बंदर जिसे पकड़ना है वह कौन सा है और उसके बाद वन विभाग के द्वारा प्रयास जारी किया गया,इधर उधर भागते छिपते बंदर पकड़ में आया और पिंजड़े में कैद हुआ।

### आदमखोर हो चुका था बंदर,30 लोग को बना चूका था अपना शिकार

पकड़ा गया बंदर आदमखोर हो चुका था,वह लगातार इंसानों पर हमलवार था,30 से अधिक लोगों को अपने हमले से घायल कर चुका था कई गंभीर रूप से भी घायल हुए थे, गाड़ियों तक पर वह हमला करके लोगों को घायल करता था, बंदर के पकड़े जाने से फिलहाल रहवासी चैन की सांस ले रहे हैं और उनका कहना है कि वह आगे भी वन विभाग की इस तरह की रेस्क्यू कार्यवाही चाहते हैं जिससे वह निश्चिंत रह सकें।

### बंदर पकड़ा नहीं जाता तो कई और हो सकते थे उसके शिकार,घर से बाहर निकलना हो चुका था लोगों का मुश्किल


काटकोना में वैसे तो सैकड़ों बंदर अब डेरा डाल चुके हैं और वह आए दिन लोगों के लिए समस्या बन रहे हैं उनके और उनके परिवार के लिए घातक साबित हो रहे हैं लेकिन हाल फिलहाल में एक बंदर जो पागल हुआ था और जो लगातार इंसानों पर जानलेवा हमला कर रहा था उसे वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है और उसे जानकारी मिलने तक पिंजड़े में बंद कर लिया गया है।बंदर नहीं पकड़ा गया होता तो कई अन्य लोग उसके हमले के शिकार बनते और चोटिल होते,लोगों का घर से निकलना बंद हो चुका था जो अब उसके पकड़े जाने के बाद पुनः जारी होगा ऐसा बताते हैं वहां के लोग।

### रामगढ़ के जंगल में छोड़ा जाएगा मानसिक विक्षिप्त बंदर

रामगढ़ के जंगलों में अब वह बंदर छोड़ा जाएगा ऐसा बताया जा रहा है। वन विभाग की टीम बंदर को मानसिक बीमार बंदर को लेकर जा चुकी है और वह अब उसका नया ठिकाना तय करेगी जो रामगढ़ का जंगल होगा ऐसा बताया जा रहा है।

# बालकोनगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ बहुड़ा यात्रा उत्सव मे उमड़ी भक्तों की भीड़

-संवाददाता-
कोरबा,06 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।



उत्कल भारती सेवा समिति,बालको द्वारा भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा धूमधाम से आयोजित की गई। बालको के मुख्य प्रचालन अधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी सहित अनेक बालको अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और नगरवासियों ने धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। 5 जुलाई को तीनों भाई-बहन महाप्रभु जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा बहुड़ा यात्रा के दौराम गुंडिचा मंदिर (रामलीला मैदान) से अपने घर (राम मन्दिर) वापस आएं। श्री आशुतोष द्विवेदी की अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य अर्जित किया। रथ के आगे चल रहे कर्मा नर्तकों के दल ने तालबद्ध नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बहुड़ा यात्रा बालकोनगर के विभिन्न मार्गों से होते हुई राममंदिर तक पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की स्थापना कर उनकी आराधना की। 27 जून से 05 जुलाई पूरे 9 दिनों तक मौसी के घर रहकर महाप्रभु जगन्नाथ घर वापस आएं। बालकोनगर में 44 वर्षों से रथ यात्रा उत्सव आयोजित किए जाने की परंपरा है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने, ब्लैक स्पॉट दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,06 जुलाई 2025
(घटती-घटना)।




जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम,यातायात सुगमता तथा सड़क मरम्मत व सुधार संबंधी विषयों पर गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री वसंत ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर अविलंब सुधार कार्य किया जाए। साथ ही बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सड़कों के गड्ढों का भराव, आवश्यक मरम्मत और संकेतकों की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले,नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित यातायात,पीडब्ल्यूडी,नेशनल हाईवे, एनएचएआई,बाल्को,एसईसीएल एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी, ओवरस्पीडिंग पर नियंत्रण तथा रात्रि में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट बोर्ड एवं चेतावनी संकेतकों को स्पष्ट और उपयुक्त स्थानों पर बनाए जाएं ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने सभी निर्माण व रखरखाव एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे झाड़ियों की छंटाई कराई जाए और मरम्मत योग्य हिस्सों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सार्वजनिक उपक्रमों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और बारिश के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो। श्री वसंत ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु समय-समय पर शिविरों, रैली एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

# अंततः एक व्यक्ति डॉक्टर पर पड़ा भारी,डॉक्टर का इस्तीफा विभाग ने किया मंजूर,मामला कोरिया जिले के एक डॉक्टर से जुड़ा हुआ...

### आदिवासी समुदाय के डॉक्टर ने प्रताड़ना का लगाया था आरोप,कि थी आजाक थाने में शिकायत

### विभाग में भी डॉक्टर ने दिया था इस्तीफा आवेदन,प्रताड़ना की कही थी बात

### विभाग ने भी आदिवासी समुदाय के डॉक्टर को नहीं दिया मौका,न सुनी कोई बात,इस्तीफा किया स्वीकार

### डॉक्टर की बात और समस्या सुनी जानी थी,विभाग को डॉक्टर को समय देना था यह कहते हैं जानकार

## प्रशासन भी मामले में मौन...छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों की कमी की शिकायत आम पर...इस मामले में प्रशासन




### क्या सांकेतिक विरोध का अधिकार भी डॉक्टर का छीना गया?

डॉक्टर ने प्रताड़ित होने की बात कहते हुए विभाग के सामने इस्तीफा सौंपा,विभाग को डॉक्टर ने अपनी पीड़ा से अवगत कराया जिसमें उसका दर्द था ऐसा कहना ही उचित होगा,यह सांकेतिक विरोध जो इस्तीफे के तौर पर था मामले में विभाग ने सीधे इस्तीफा स्वीकार कर लेना सही माना,क्या यह डॉक्टर के सांकेतिक विरोध के अधिकार को छीनने का एक प्रयास माना जाएगा? वैसे यदि डॉक्टर प्रताड़ित था और उसने पीड़ा सामने रखी विभाग के तो विभाग को चाहिए था कि मामले में वह न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत का पालन करता और डॉक्टर को समय देकर यथा समाधान का रास्ता तलाशता जो नहीं किया विभाग ने ऐसा नजर आ रहा है। विभाग ने एक तरह से अपने ही अधीन कार्यरत डॉक्टर को पराया माना और उसके दर्द स्वरूप प्रस्तुत इस्तीफे को स्वीकार कर उसे अकेला छोड़ दिया।

### क्या इस्तीफा मंजूर करने में हड़बड़ी दिखाई गई या फिर सोची-समझी साजिश थी यह?

डॉक्टर का इस्तीफा स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल स्वीकार कर लिए एक तरह से इस मामले में तत्काल और तेजी से निर्णय विभाग का सामने आया,क्या यह हड़बड़ी थी या साजिश? वैसे हड़बड़ी और साजिश वाली ही स्थिति समझ में आ रही है क्योंकि पूरे मामले के संबंध में जो बातें सामने आई हैं वह यही साबित करती हैं कि डॉक्टर को क्या परेशानी थी जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित था और यही वजह इस्तीफा लिखने की थी।

### सांकेतिक विरोध में दिया गया इस्तीफा सीएमएचओ ने बिना जांच के ही स्वीकार कर लिया?

डॉक्टर का सांकेतिक विरोध स्वरूप दिया इस्तीफा विभाग के सीएमएचओ ने तत्काल स्वीकार कर लिया,यदि डॉक्टर की मानसिक प्रताड़ना वाली बात सही है और इसीलिए उसने सांकेतिक इस्तीफा दिया था जो मंजूर हुआ तो यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले समय में ऐसी घटनाएं बढ़ेगी और अन्य भी कर्मचारी दबाव में आकर इस्तीफा देंगे और वह नौकरी छोड़कर सुकून ढूंढने प्रयास करेंगे।


-रवि सिंह-

कोरिया,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। कोरिया जिले के एक आदिवासी समुदाय के डॉक्टर ने एक व्यक्ति पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दे दिया जो विभाग द्वारा स्वीकार भी कर लिया गया ऐसी जानकारी सामने आई है।

डॉक्टर ने एक व्यक्ति पर खुद को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था,तथा किसी व्यक्ति के द्वारा गालीगलौज का भी आरोप लगाया था वहीं आजाक थाने में भी ऐसी ही शिकायत की थी और विभाग में इस कारण इस्तीफे की पेशकश की थी,मुफ्त में इलाज और कई अन्य भी आरोप डॉक्टर ने उस व्यक्ति पर लगाते हुए खुद को मानसिक रूप से प्रताड़ित बताया था, पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उसे कोई मौका नहीं दिया की वह अपनी बात रख सके या वह अपनी प्रताड़ना विषय पर न्याय पा सके। वैसे जानकारों के अनुसार डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मौका दिया जाना चाहिए था वहीं उसकी समस्या और शिकायत और उसकी मानसिक स्थिति से अवगत होकर ही इस्तीफे को स्वीकार किया जाना चाहिए था केवल इस्तीफा स्वीकार करने से ही विभाग का दायित्व पूर्ण नहीं होता यह दबाव में उस व्यक्ति के द्वारा आकर लिया निर्णय हो सकता है ऐसा उनका कहना है मानना है। वैसे डॉक्टर आदिवासी समुदाय से हैं और उन्होंने अपने साथ हुई घटना द्वारा दी गई गालियों सहित प्रताड़ना के विभिन्न तरीकों को लेकर आजाक थाने में भी शिकायत की थी जिसमें भी अभी तक पत्रकार पर कोई कार्यवाही नहीं हुई बताया जा रहा है कि उक्त मामले में जांच अन्य जिले के पुलिस अधिकारियों को सौंप दिया गया है और मामले को ऐसे ही निपटाने का प्रयास जारी है। इधर डॉक्टर के इस्तीफे की स्वीकृति के बाद स्वास्थ्य विभाग भी एक तरह से मामले के पटाक्षेप की तरफ अग्रसर नजर आया और अपने ही एक डॉक्टर के मामले में वह पल्ला झाड़ता उसके विरुद्ध जाता नजर आया।

# सफलता की कहानी:किसान सुखसाय रबी और खरीफ की फसल का ले रहे लाभ

## सौर सुजला योजना और शाकम्बरी योजना का भी मिल रहा है लाभ







-संवाददाता-

जशपुरनगर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार किसानों को हर संभव मदद करने और शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पम्प भी लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई की सुविधा दी गई है।

इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम गिनाबहार निवासी कृषक श्री सुखसाय को कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प का लाभ दिया गया है। कृषक के पास 2.000 हेक्टेयर भूमि है। जिसमें एक जगह कुआ है। जिसमें कृषक के पास सिंचाई हेतु पम्प न होने के कारण सिंचाई नहीं कर पाता था। इस वर्ष कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प लेकर गेहूं की खेती कर रहा है। कृषि विभाग के माध्यम से ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पंप लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई कर खेती की जा रही है। जिसमें कृषक को रबी और खरीफ मौसम में कृषि कार्य किया जा रहा है।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने मैनपाट पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष





अम्बिकापुर,06 जुलाई 2025(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद और विधायकों का 7,8 एवं 9 जुलाई को मैनपाट में आयोजित त्रिदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तिब्बती एक नंबर कैंप का तिब्बती कमेटी हॉल सज कर तैयार है,भाजपा के झंडे बैनरों से मैनपाट क्षेत्र सजी हुई है। भाजपा के प्रशिक्षणार्थी सांसद, विधायक एवं मंत्रियो का आना प्रारंभ हो चुका है,इसी क्रम में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,क्षेत्रिय संगठन मंत्री अजय जामवाल,प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,संभाग प्रभारी राजा पाण्डेय सहित अन्य अतिथि आज मैनपाट पहुंचे।


**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता**
लोक निर्माण विभाग,नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्रं | सिस्टम क्रमिक क्रम/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख) रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | 170887 प्रथम आमंत्रण 23.06.2025 | जिला सरगुजा के चितरपुर से रेवई मार्ग पर सेमरमुड़ा (बिछरी) नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 410.09 |
| 2 | 170623 प्रथम आमंत्रण 23.06.2025 | केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत जिला बेमेतरा के बेमेतरा नवागढ़ मुंगेली मार्ग (एस.एच.-07) के कि.मी. 1 से 43 (वास्तविक लंबाई 42.60 कि.मी.) तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 11687.00 |
| 3 | 170679 प्रथम आमंत्रण 24.06.2025 | केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी मार्ग (एस.एच.-05) के 4/2 से 38/ 4= 34.40 किमी. चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 8872.67 |
| 4 | 170684 प्रथम आमंत्रण 24.06.2025 | केन्द्रीय सड़क निधि योजनांतर्गत राजनांदगांव-डोंगरगढ़-चौकी-मोहल्ला मानपुर मार्ग (एस.एच.-24) के किमी 2/8 से 100/ 2= 93.90 किमी. चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 27030.07 |
| 5 | 170704 प्रथम आमंत्रण 24.06.2025 | जिला सरगुजा के विकासखण्ड मैनपाठ क पैगा से सरईकेरचा पहुंच मार्ग लंबाई 5.00 किमी निर्माण कार्य | 514.66 |
| 6 | 170706 द्वितीय आमंत्रण 24.06.2025 | मरवाही में नवीन पॉलीटेक्निक कॉलेज भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से. फि. एवं विद्युतीकरण सहित। | 878.32 |
| 7 | 170708 द्वितीय आमंत्रण 24.06.2025 | बिलासपुर अंतर्गत राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई के हॉकी स्टेडियम में लेड फ्लड लाईट लगाने हेतु सप्लाई इंस्टालेशन, कमीशनिंग एवं टेस्टिंग कार्य। | 494,86 |
| 8 | 170742 प्रथम आमंत्रण 24.06.2025 | जिला जांजगीर-चांपा के धनुहारपारा (सलनी) नवागांव मार्ग में बोराई नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य (शेष कार्य)। | 359.82 |
| 9 | 170759 प्रथम आमंत्रण 24.06.2025 | सिलादेही से मौहाडीह तक मार्ग लंबाई 2.325 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 279.31 |
| 10 | 170735 प्रथम आमंत्रण 25.06.2025 | सी.आर.एफ. योजनांतर्गत सिरगिट्टी सरवानी पासीद अमलडीहा बरतोरी दगौरी मार्ग (मु.जि.मा.) लंबाई 32.08 कि.मी. (वास्तविक लंबाई 28.45 कि.मी.) उन्नयन का कार्य। | 6843.01 |
| 11 | 170855 प्रथम आमंत्रण 25.06.2025 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के विकासखण्ड शंकरगढ़ अतर्गत हायर सेकेण्ड्री स्कूल धारानगर में 100 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य। जमा कार्य। | 269.41 |
| 12 | 170857 प्रथम आमंत्रण 25.06.2025 | भदरपारा बरभांठा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 270.18 |
| 13 | 170868 प्रथम आमंत्रण 25.06.2025 | जिला जशपुर के केरापाठ से गायबुड़ा पहुंच मार्ग लंबाई 4.86 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 471.72 |
| 14 | 170937 प्रथम आमंत्रण 26.06.2025 | जिला बीजापुर ब्लॉक-भैरमगढ़ के अंतर्गत भैरमगढ़ टाउन मार्ग के कि. मी. 0.00 से 5.00 कुल 5.00 कि.मी. (शेष कार्य) निर्माण कार्य, पुल-पुलिया सहित। | 295.78 |
| 15 | 170915 प्रथम आमंत्रण 26.06.2025 | जिला सरगुजा के चैनपुर से खम्हरिया मार्ग पर रेहण्ड नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1143.30 |
| 16 | 170940 प्रथम आमंत्रण 26.06.2025 | जिला रायगढ़ के सुबरा (कटंगपारा) सलिहापारा मार्ग के खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 369.01 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क. 05 से सं.क. 07 दिनांक 11.07.2025, सं.क. 12, सं.क. 14 सं.क. 16 दिनांक 18.07.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 16.07.2025 निर्धारित । निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी नंबर-252601993/2


# सीएमएचओ द्वारा घर जाकर संतोषी बाई और उनके नवजात शिशु का किया गया स्वास्थ्य जांच

## माता और शिशु दोनों स्वस्थ,मितानिन बीफनी बाई के कार्य की सराहना की







-संवाददाता-


जशपुरनगर,06 जुलाई 2025 (घटती-घटना)। ग्राम पंचायत सोनक्यारी सतालूटोली निवासी श्रीमती संतोषी बाई का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उनके निवास स्थान पर जाकर किया गया। जांच के दौरान संतोषी बाई एवं उनके नवजात शिशु दोनों को स्वस्थ पाया गया। उल्लेखनीय है कि संतोषी बाई जिनका प्रसव 01 जुलाई की रात को हुआ था। नाले में जलभराव जैसी विकट परिस्थिति में भी 02 जुलाई को मितानिन श्रीमती बीफनी बाई ने मानवीय सेवा और कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश करते हुए संतोषी बाई को पीठ पर बिठाकर नाला पार कर सोनक्यारी अस्पताल पहुँचाया। 04 जुलाई को दोनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई,जिसके बाद 05 जुलाई को स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने संतोषी बाई के घर पहुंचकर दोनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इसके साथ ही उन्होंने मितानिन बिफनी बाई से भी मुलाक़ात कर उनके इस साहसिक कार्य की सराहना की। सीएमएचओ के बताया कि चुकि नाला का पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण बारिस के समय अस्पताल पहुंचने में कठिनाई होती हैं । इसलिए मितानिन की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है इसलिए उन्हें चौकान्ना रहकर किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर आवश्यक सहायता करते हुये उच्च अधिकारियों को सूचित करने को कहा गया। साथ ही वहां के निवासियों को मौसमी बीमारी व जल जनित बीमारी से सतर्क रहने, सर्प दंश की स्थिति में तत्काल अस्पताल पहुंचने,असुरक्षित जल स्त्रोत से पानी नहीं पिने,पानी उबालकर पिने,मच्छरदानी लगाकर सोने,अँधेरे में टोर्च लेकर चलने, जमीन पर न सोने,खाट अथवा पलंग पर सोने और ताज़ा भोजन खाने की सलाह दी गई।

# तीसरे टेस्ट मैच में आई बड़ी बाधा

## आईसीसी से नहीं मिली अब तक मंजूरी

**किंग्सटन,06 जुलाई 2025।** ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी वेस्टइंडीज के दौरे पर है जिसमें उसे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 12 जुलाई को किंग्सटन के सबाइना पार्क में खेलना है। दोनों टीमों के बीच ये मुकाबला डे-नाइट खेला जाएगा लेकिन इसको लेकर एक बड़ी मुसीबत सामने आई है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण सबाइना पार्क में चल रहे फ्लड लाइट के काम को लेकर हुई देरी है, जिसमें आईसीसी की तरफ से भी मुकाबला शुरू होने से पहले उसे मंजूरी मिलनी अभी बाकी है।



### फ्लड लाइट की रौशनी की जांच होना अभी बाकी

जमैका के सबाइना पार्क में पहली बार डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा, जिसको लेकर वहां पर नई फ्लड लाइट लगाई जानी थी। इस काम में देरी होने के चलते उसे लगा तो दिया गया है, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार किंग्सटन स्टैंड पर रौशनी पूरी तरह से मानकों के अनुसार नहीं है। जमैका क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डोनोवन बेनेट ने इस बात का भरोसा जताया है कि मुकाबले से पहले सारी चीजें ठीक कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि सब तैयारी हो जाएगी। मैं थोड़ा असहज हूं क्योंकि उम्मीद थी कि सारा काम समय पर हो जाएगा, लेकिन जब आप निर्माण का काम कराते हैं तो कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं जो हमारे मामले में फ्लड लाइट्स और स्कोरबोर्ड के मामले में हुआ।

### आईसीसी की टीम जल्द करेगी दौरा

तीसरे टेस्ट मैच की तैयारियों को लेकर आईसीसी की टीम सबाइना पार्क का दौरा करेगी जिसमें उसके फैसले पर सबकुछ निर्भर रहने वाला है कि ये मुकाबला डे-नाइट खेला जाएगा या नहीं। वहीं इसको लेकर क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भरोसा जताया है कि ये मुकाबला होगा और इसके बाद यहां पर टी20 सीरीज के भी 2 मैच खेले जाएंगे। बता दें दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीता था,जबकि दूसरा मुकाबला ग्रेनेडा के मैदान पर खेला जा रहा है।



# नोवाक जोकोविच ने करियर में हासिल की एक और बड़ी उपलब्धि

## विबंलडन में पूरा किया जीत का शतक

**विबंलडन,06 जुलाई 2025।** विबंलडन 2025 में सर्बिया के 38 साल के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का अब तक टेनिस कोर्ट पर काफी शानदार फॉर्म देखने को मिला है। 5 जुलाई को नोवाक जोकोविच ने अपने हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच के खिलाफ तीसरे राउंड के मुकाबले में सीधी जीत दर्ज करने के साथ करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। जोकोविच अब विबंलडन के इतिहास में 100 मैच जीतने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

### जोकोविच की अब अगले दौर में होगी एलेक्स डी मिनाउर से भिड़ंत

नोवोका जोकोविच ने विबंलडन के तीसरे दौर में मिओमिर केकमानोविच के खिलाफ खेले गए मुकाबले को 6-3, 6-0 और 6-4 से अपने नाम करने के साथ अगले राउंड में अपनी जगह को पक्का किया। जोकोविच की भिड़ंत 11वें नंबर के एलेक्स डी मिनाउर से होगी। वहीं विबंलडन के इतिहास में नोवाक जोकोविच से पहले 9 बार विंबलडन सिंगल्स चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 मैच जबकि आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 सिंगल्स मुकाबले जीते थे,जिसमें जोकोविच का नाम भी शामिल हो गया है।

जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। पिछले 8 सालों से जोकोविच का विबंलडन में जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला है। जिसमें वह इस दौरान सिर्फ कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ ही मुकाबला हारे हैं। जोकोविच ने अपनी इस उपलब्धि को लेकर कहा कि मैं अपने सबसे पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी रिकॉर्ड बनाऊंगा,उसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

### युकी भांबरी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ तीसरे दौर में पहुंचे

युकी भांबरी विंबलडन 2025 में अपने अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे के साथ पुरुष डबल्स इवेंट में प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। 16वीं रैंकिंग प्राप्त इस जोड़ी ने दूसरे राउंड में पुर्तगाल की नूनो बोर्गेस और मार्कोस गिरोन की जोड़ी का सामना किया था, जिसमें उन्होंने इस मैच को 6-3 और 7-6 (8-6) से अपने नाम किया।

# सुरेश रैना अभिनय में पदार्पण के लिए तैयार

**मुंबई,06 जुलाई 2025।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सीएसके स्टार सुरेश रैना बतौर एक्टर डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रैना की पहली फिल्म तमिल फिल्म इंडस्ट्री में होगी। शुक्रवार शाम को चेन्नई में एक भव्य कार्यक्रम में फिल्म लॉन्च की गई,जिसमें रैना,सीएसके क्रिकेटर शिवम दुबे और कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। रैना की डेब्यू फिल्म का निर्देशन लोकप्रिय कॉलीवुड फिल्म निर्माता लोगन करेंगे और इसका निर्माण डीकेएस बैनर के तहत किया जाएगा। जहां शिवम दुबे ने प्रोडक्शन हाउस के नाम और लोगो का अनावरण किया, वहीं सुरेश रैना, जो एम्स्टर्डम में पारिवारिक छुट्टियां मना रहे हैं, ने वीडियो कॉल के जरिए कार्यक्रम में भाग लिया। सुरेश रैना,जिन्हें तमिल क्रिकेट प्रशंसक प्यार से चिन्ना थाला के नाम से बुलाते हैं,ने कई टीवी विज्ञापनों में अभिनय किया है। 2021 में, एक समाचार चैनल से बात करते हुए, रैना ने कहा था कि उनके जीवन पर एक बायोपिक बनने की संभावना है और उन्होंने कहा कि बड़े पर्दे पर उन्हें फिर से निभाने के लिए सूर्या या दुलकर सलमान सही विकल्प होंगे।



# वैभव सूर्यवंशी ने अपनी भूचाल पारी के बाद कर दिया एक और बड़ा ऐलान




**नई दिल्ली,06 जुलाई 2025।** वैभव सूर्यवंशी इस समय वर्ल्ड क्रिकेट में लगातार अपने खेल के चलते सुर्खियां बटोर रहे हैं। भारतीय अंडर-19 टीम के इंग्लैंड दौरे पर 14 साल के वैभव ने जिस तरह यूथ वनडे सीरीज में खेले गए चार मुकाबलों में बल्लेबाजी की है उससे उनकी प्रतिभा का परिचय सभी को मिल गया है। इस सीरीज के चौथे मैच में वैभव की 143 रनों की शतकीय पारी में इंग्लैंड के गेंदबाज खुद को बचाते हुए नजर आए। वैभव ने अपनी इस ऐतिहासिक पारी के दम पर जहां यूथ वनडे में सबसे कम उम्र में शतक लगाने के रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया तो वहीं ये यूथ वनडे में अब तक का सबसे तेज शतक भी था। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने अपनी इस ऐतिहासिक पारी के साथ एक और बड़ा ऐलान भी कर दिया है।

### वैभव सूर्यवंशी ने बताया अपना अगला टारगेट

इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी की उनकी शानदार पारी के बाद बीसीसीआई की तरफ से उनका एक वीडियो भी पोस्ट किया गया है, जिसमें वैभव ने अपने अगले टारगेट का खुलासा किया। वैभव ने कहा कि मुझे पता है कि मैंने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है और ये जानकारी हमारी टीम के मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया। मैं अपनी इस पारी को और बड़ी कर सकता था क्योंकि उस समय 20 ओवर और बाकी थे। एक शॉट जिसे मैं पूरी तरह से नहीं खेल पाया और आउट हो गया। अगले मैच में मैं कोशिश करूंगा कि पूरे 50 ओवर बल्लेबाजी करूं और 200 रन बनाऊं। मैं जितने रन बनाऊंगा उससे टीम को फायदा मिलेगा और अब मेरा पूरा ध्यान इसी पर है।

### अब तक इस सीरीज में बना चुके हैं 300 से भी ज्यादा रन

यूथ वनडे सीरीज में अब तक वैभव का बल्ला जमकर बोलता हुआ देखने को मिला है। वैभव इस सीरीज में अभी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं, जिसमें उन्होंने 80.50 के औसत से कुल 322 रन बनाए हैं। इस दौरान वैभव के बल्ले से एक शतकीय और अर्धशतकीय पारी देखने को मिली है। वैभव इस सीरीज के चार मैचों में कुल 27 चौके के साथ 27 छक्के भी लगा चुके हैं।



# शुभमन गिल ने साबित किया,नंबर-4 पर बैटिंग के लिए पूरी तरह से तैयार हैं : सरनदीप सिंह

**नई दिल्ली,06 जुलाई 2025।** इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया इतिहास रचने के करीब है। एजबेस्टन में जारी दूसरे टेस्ट में भारत जीत से महज सात विकेट दूर है। पूर्व क्रिकेटर सरनदीप सिंह के मुताबिक शानदार फॉर्म दिखाते हुए शुभमन गिल ने अपने आलोचकों को जवाब दे दिया है। उन्होंने साबित किया है कि वह विराट कोहली के बाद नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

# नीदरलैंड के खिलाफ दीपिका के शानदार फील्ड गोल को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया

**नई दिल्ली,06 जुलाई 2025।** हॉकी इंडिया की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के दौरान दुनिया की नंबर 1 टीम नीदरलैंड के खिलाफ उनके अविश्वसनीय एकल फील्ड गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। 2024/25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए, और वोट करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई को सुबह 3:29 बजे आईएसआई है। वोटिंग समाप्त होने के बाद विजेता की घोषणा की जाएगी। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों द्वारा इस आधार पर किया जाता है कि उन्हें लगता है कि सीजन के दौरान सबसे अच्छा पल और गोल किसने किया।



दीपिका का यह यादगार पल फरवरी 2025 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुआ,जब भारतीय टीम ने कलिंगा स्टेडियम में 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। 35वें मिनट में दीपिका ने एक शानदार फील्ड गोल किया, जबकि भारत दो गोल से पीछे चल रहा था। 35वें मिनट में दीपिका ने नीदरलैंड की बैकलाइन के चारों ओर से शानदार तरीके से बाएं फ्लैंक से ड्रिबल किया,बेसलाइन को चूमा,डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को डिंक किया और गोलकीपर को पीछे छोड़ते हुए नेट में एक शानदार स्ट्राइक के साथ मूव को पूरा किया।

हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा,नीदरलैंड के खिलाफ़ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में गेम जीतने में मदद मिली। मुझे पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित होने पर गर्व है और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूँ। ऐसे पलों के लिए हम इतनी मेहनत करते हैं। आपके वोट और समर्थन मुझे अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने और भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं अपने कोच, सहयोगी स्टाफ़ और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अपने साथियों को उनके निरंतर प्रोत्साहन और मुझ पर विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।




# मोहम्मद अफसल ने पोलैंड में 800 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई,06 जुलाई 2025।** मोहम्मद अफसल पुलिक्कलाकाथ पोलैंड के पॉज़्ना में मेमोरियाल चेस्लावा साइबुलस्कीगो में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:45 की बाधा को पार करने वाले पहले भारतीय धावक बन गए। उन्होंने 1¬44.93 का समय निकाला और अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। चीन के हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों में पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने वाले अफसल ने 1:44.93 के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ इवेंट के हीट ए/1 में छठा स्थान हासिल किया। इसके साथ ही मोहम्मद अफसल ने 2025 में दुबई में यूएई एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स में खुद द्वारा बनाए गए 1:45.61 के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया।

# नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में जीता गोल्ड मेडल

### बने क्लासिक 2025 के ओपनिंग सीजन के चैंपियन

**बेंगलुरु,06 जुलाई 2025।** भारत के गोल्डन बॉय और डबल ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने कमाल कर दिया है। उन्होंने भारत में पहली बार आयोजित हुई भाला फेंक प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया है। नीरज ने गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा कर दुनिया भर में एक बार फिर अपने नाम का डंका बजा दिया है। भारत में आयोजित हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 टूर्नामेंट को नीरज चोपड़ा ने जीत लिया है। नीरज ने 86.18 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में केन्या के जूलियस येगो दूसरे स्थान पर रहे । उन्होंने 84.51 मीटर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया. श्रीलंका के रुमेश पथिराज तीसरे स्थान पर रहे और 84.34 मीटर के थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया.मैदान में मौजूद 14,593 लोगों ने जोरदार नारे लगाकर नीरज चोपड़ा का स्वागत किया। नीरज ने टूर्नामेंट की शुरुआत फाउल के साथ और 82.99 मीटर के दूसरे प्रयास के साथ बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। टोक्यो ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले और 2024 में पेरिस में रजत पदक जीतने वाले भारतीय मेगा स्टार ने फिर 86.18 मीटर के अपने तीसरे थ्रो के साथ रात का सबसे बड़ा थ्रो दर्ज किया। नीरज ने चौथे प्रयास में फाउल किया और पांचवें प्रयास में 84.07 मीटर का थ्रो किया। इससे पहले उन्होंने 82.22 मीटर के साथ इवेंट का समापन किया।




# क्या रजनीकांत अभिनीत फिल्म आईमैक्स नियमों का उल्लंघन कर रही है


सुपरस्टार रजनीकांत इस साल 14 अगस्त,2025 को रिलीज़ होने वाली फिल्म कुली के साथ बड़े पर्दे पर आने वाले हैं। हाल ही में,निर्माताओं ने आमिर खान की विशेषता वाला एक चरित्र पोस्टर जारी किया,और ऐसा लगता है कि इसने आईमैक्स दिशानिर्देशों के बारे में नई अटकलों का मार्ग प्रशस्त किया है। क्या कुली के निर्माताओं ने आईमैक्स नियमों का उल्लंघन किया? हाल ही में एक घोषणा में,कुली के निर्माताओं ने एक चरित्र पोस्टर के साथ आमिर खान की घोषणा की, जिसमें उन्हें दहा का किरदार निभाने का खुलासा किया गया। हालाँकि,उसी अपडेट में,यह बताया गया कि रजनीकांत अभिनीत यह फिल्म आईमैक्स प्रारूप में भी रिलीज़ होगी। हालाँकि सन पिक्चर्स ने घोषणा कर दी है,लेकिन आईमैक्स कॉर्पोरेशन ने अभी तक यह घोषणा नहीं की है कि कुली उनकी स्क्रीन पर आएगी या नहीं। जो बात इसे और अधिक दिलचस्प बनाती है वह यह है कि वॉर 2 के सभी आईमैक्स स्क्रीन पर आने की उम्मीद है और यह रजनीकांत अभिनीत फिल्म से टकरा रही है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वॉर 2 के निर्माताओं ने आईमैक्स के साथ एक विशेष सौदा किया है। उनके बीच हुए समझौते के अनुसार,भारत में कोई भी अन्य फिल्म आईमैक्स स्क्रीन पर नहीं आएगी।



जबकि इस डील के प्रभावी होने की अटकलें लगाई जा रही हैं,यह आश्चर्य की बात है कि कुली निर्माताओं ने आधिकारिक लोगो सहित फिल्म को आईमैक्स पर आने का उल्लेख किया है। इसके अलावा,ऐसा कहा जाता है कि किसी निगम के साथ मिलकर बनाई गई किसी भी फिल्म पर आईमैक्स में इसका अनुभव करें या आईमैक्स के लिए फिल्माई गई का टैग होता है। हालांकि,निर्माताओं ने इसे आईमैक्स में देखें के रूप में उल्लेख किया है,जो संभवतः कंपनी के जनादेश के विरुद्ध है।

ऐसी टिप्पणियों के साथ,हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि कुली के निर्माता इस बारे में क्या कहते हैं। कुली के बारे में कुली लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित एक आगामी एक्शन एंटरटेनर है। इस फिल्म में सुपरस्टार को नकारात्मक भूमिका में दिखाया गया है, जिसमें नागार्जुन अक्किनेनी और उपेंद्र राव प्रमुख भूमिकाओं में हैं। चूंकि आमिर खान एक कैमियो भूमिका में हैं,इसलिए कहा जाता है कि फिल्म में उन्हें दहा के रूप में दिखाया जाएगा। इससे पहले,हमने पिंकविला पर विशेष रूप से बताया था कि बॉलीवुड सुपरस्टार का एक बहुत बड़ा परिचयात्मक दृश्य होगा और वह फिल्म के क्लाइमेक्स के पास दिखाई देंगे। इसके अलावा, फिल्म में कई कलाकार भी हैं, जिनमें श्रुति हसन, सौबिन शाहिर,सत्यराज,पूजा हेगड़े (एक डांस नंबर में) और कई अन्य शामिल हैं।

# रणवीर सिंह को 40 वें जन्मदिन पर दी खास शुभकामनाएं



फिल्म निर्देशक करण जौहर ने 'नश्वर दुनिया के पागल राजकुमार' अभिनेता रणवीर सिंह को उनके 40वें जन्मदिन पर एक लंबी कविता के साथ शुभकामनाएं दीं। इंस्टाग्राम पर करण ने उन्हें एक वफ़ादार बेटा, एक भाई,एक पति हा,और बताया कि वह अपनी पत्नी-अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की मुस्कान के लिए क्या करते हैं। करण ने रणवीर सिंह को कई उपाधियों से सम्मानित किया,जिसमें धूमकेतु,फ़ैशनिस्टा और लॉर्ड ऑफ़ ब्लिंग शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रणवीर के पास सोने का दिल है और वह प्रसिद्धि से परे दयालु और गर्मजोशी से भरे हुए हैं। करण ने रणवीर की कई तस्वीरें शेयर कीं,जिनमें अलग-अलग लुक हैं। उन्होंने लिखा,जन्मदिन की शुभकामनाएँ...

उत्साही आत्मा,चमकती हुई चमक,रात में एक धूमकेतु की तरह चमकता हुआ, हर कदम पर एक जोरदार जयकार, रणवीर चलता है, दुनिया करीब आती है। रणवीर को फ़ैशनिस्टा कहते हुए उन्होंने लिखा,एक फ़ैशनिस्टा बोल्ड और भव्य,सिल्कन सूट और सेक्विन स्टैंड, सपनों और स्वभाव से सजे एक कैनवास,हर पोशाक गर्जना करती है,उसे परवाह नहीं है! रणवीर सिंह को 40 वें जन्मदिन पर दी खास शुभकामनाएं फिर भी यह आदमी और भी गहराई से सामने आता है,उसके अंदर सोने का दिल है,एक बड़ा-से-बड़ा, तेजतर्रार लौ,लेकिन प्रसिद्धि से परे दयालु और गर्म। उसकी हँसी गर्मियों के आसमान की तरह घूमती है, उसकी आँखों के पीछे एक नकलची की कला,एक हज़ार आवाज़ें, छायाएँ और तरीके,उसका अभिनय हमें चकित कर देता है।

# अमित शाह के मिशन 2026 के खास हैं विजय शर्मा

## सीएम ने बता दिया नाम...गृहमंत्री के माने जाते हैं खास...



**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। सुरक्षाबल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ सरकार की नियद नेल्लानार योजना के कारण नक्सल प्रभावित गांवों में विकास के लिए नए दरवाजे खोले जा रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की डेडलाइन तय की है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि राज्य का कौन का नेता अमित शाह के इस मिशन को पूरा करने में जुटा हुआ है।

### क्या कहा सीएम ने...

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद विकास का बाधक था। बीते डेढ़ सालों में हमने जिस तरह से नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है उसमें हमें सफलता मिली है। हमारे केंद्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है। प्रदेश में अमित शाह के इस संकल्प को हमारे डेप्युटी सीएम और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा मूर्त रूप दे रहे हैं। वह लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हैं विजय शर्मा

छत्तीसगढ़ के डेप्युटी सीएम विजय शर्मा लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हैं। वह कभी बाइक पर बैठकर नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले इलाकों का दौरा करते हैं तो कभी नक्सल प्रभावित लोगों से मुलाकात करते हैं। बता दें कि विजय शर्मा को अमित शाह का करीबी माना जाता है।

### इस बार मॉनसून में भी मिशन

नक्सलवाद के खात्मे के लिए इस बार सुरक्षाबल के जवान मॉनसून के सीजन में भी ऑपरेशन चलाएंगे। हाल ही में अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि नक्सलियों को इस बार हम मॉनसून के महीने में भी आराम नहीं करने देंगे।

## नक्सलियों के शांति प्रस्वाव पर क्या कहा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य में नक्सलियों को विकास की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए पहले ही अपील की जा चुकी है। नक्सली



गोलीबारी की भाषा और हिंसा छोड़ें, अच्छा पुनर्वास नीति हम लोग दे रहे हैं, उसका परिणाम भी आ रहा है,बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण नक्सली कर भी रहे हैं और मुख्य धारा से जुड़ भी रहे हैं। बार-बार बोलने की आवश्यकता नहीं है, आज भी कोई शस्त्र को त्यागकर अगर बात करने के लिए तैयार है तो हम लोग भी तैयार हैं।

सीएम ने कहा कि ऐसे में अगर नक्सलियों को शांति चाहिए तो उनके लिए अच्छा रहेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ रुख के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। केंद्र सरकार देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए संकले प बद्ध है और अगले साल यानी 2026 में नवे सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है।

# आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से बनाई जा रही थी मिलावटी शराब

### » हर महीने पहुंचता था मोटा कमीशन

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के लालपुर स्थित कंपोजिट शराब दुकान में मिलावटी और बिना होलोग्राम वाली शराब बेचने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिला आबकारी और फ्लाइंग स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने छापेमारी के दौरान प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मी शेखर बंजारे को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि इस फर्जीवाड़े में आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत थी, और हर महीने मोटी रकम साहब को दी जाती थी। आबकारी विभाग की कार्रवाई में पकड़े गए शेखर बंजारे ने पूछताछ में बताया कि यह पूरा खेल दुकान के इंचार्ज अधिकारियों के संज्ञान में था। 22 दिन पहले आबकारी टीम ने फर्जीवाड़े का खुलासा किया था, जब काउंटर में 12 लाख रुपये की कमी पाई गई। इसके बाद पुलिस में दो मामले दर्ज किए गए,जिनकी जांच जारी है। एक अन्य आरोपी, सागर सोनवानी,अभी फरार है, और उसकी तलाश में पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

### सीसीटीवी फुटेज गायब,सवालों के घेरे में आबकारी विभाग



जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर राज्यस्तरीय उड़नदस्ता को नहीं मिली। सवाल उठ रहे हैं कि जिला आबकारी विभाग ने इसे अब तक अपने पास क्यों रखा? सूत्रों के अनुसार, तीन-चार महीनों से दुकान में फर्जीवाड़ा चल रहा था। कर्मचारी सीसीटीवी कैमरे बंद कर बिना होलोग्राम वाली शराब बेचते थे और होलोग्राम वाली शराब में मिलावट करते थे। सस्ती शराब को महंगी बोतलों में भरकर बेचने की भी आशंका है।

### प्लेसमेंट एजेंसी और मप्र से जुड़े तार

मामले की जांच में मध्य प्रदेश से कनेक्शन की बात भी सामने आई है। प्लेसमेंट एजेंसी के जिम्मेदार लोग भी संदेह के दायरे में हैं। शेखर बंजारे पर अपने भाई के दस्तावेजों के सहारे नौकरी हासिल करने का भी आरोप है। जांच से स्पष्ट है कि इतने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी केवल सुपरवाइजर और एजेंसी कर्मियों के स्तर पर संभव नहीं थी। इसीलिए मामला पुलिस को सौंपा गया है।

### सहायक आबकारी आयुक्त का निलंबन

इस मामले में गंभीर लापरवाही के चलते सहायक जिला आबकारी अधिकारी आरएन तिवारी को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। जांच में सामने आया है कि आबकारी अमले की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा फर्जीवाड़ा संभव नहीं था। विभागीय जांच के साथ-साथ पुलिस भी इस मामले में गहन जांच कर रही है।



## ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के आरोपियों पर कानून का शिकंजा

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** रायपुर में अवैध वसूली और ब्लैकमेलिंग के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर की मुश्किलें बढ़ गई हैं। न्यायालय ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है और उन्हें जांच में शामिल होने के लिए निर्देशित किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है और अब उनकी संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। वीरेन्द्र और रोहित तोमर, उनके रिश्तेदारों और साथियों पर धमकी, ब्लैकमेल और अवैध वसूली से जुड़े पांच मामले दर्ज हैं। रोहित तोमर के खिलाफ एक मारपीट का केस भी चल रहा है। जांच के दौरान मिली नकदी और आभूषणों को आयकर विभाग को सौंपा गया है, जबकि संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि भाठागांव में 5000 वर्गफीट में बना साई विला' वीरेन्द्र की पत्नी के नाम पर है। इसके अलावा अभनपुर और भनपुरी समेत कई जगहों पर उनके नाम से जमीनें पाई गई हैं। यदि आरोपी जल्द गिरफ्तार नहीं होते, तो उनकी संपत्ति कुर्क की जा सकती है। पुलिस कई टीमों के साथ आरोपियों की लोकेशन का पता लगाने में जुटी है। तकनीकी जांच के ज़रिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जांच के दौरान नए शिकायतकर्ता भी सामने आए हैं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उनसे भारी ब्याज दरों पर पैसा वसूलने के बावजूद गिरवी रखी संपत्तियों के कागजात और चेक वापस नहीं किए। उन्हें धमकियां भी दी गई हैं। फरारी में मदद करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा।

## भारतमाला घोटाले में शामिल तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

### चालान पेश करने की हो रही तैयारी

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** विशाखापटनम-रायपुर भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले



भारतमाला घोटाले में शामिल तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, चालान पेश करने की हो रही तैयारी। विशाखापटनम-रायपुर भारतमाला परियोजना में हुए घोटाले की एसीबी-ईओडब्ल्यू द्वारा जांच की जा रही है। इस घोटाले में संलिप्त तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उन्हें 29 जुलाई को कोर्ट में पेश होने के लिए उद्घोषणा जारी की गई है। इस मामले में जांच एजेंसी हफ्तेभर में चालान पेश करने की तैयारी में जुटी हुई है।

## अभद्रता के मामले सहायक संचालक निलंबित

### हर्बल लाइफ की मार्केटिंग करने वाले शिक्षक पर भी गिरी गाज

**बिलासपुर, 06 जुलाई 2025 (ए)।** स्कूल शिक्षा विभाग ने संभाग के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। एक मामला बिलासपुर का है, जहां एक सहायक संचालक पर अमर्यादित भाषा और गाली-गलौज का आरोप है, वहीं दूसरा मामला मुंगेली जिले के लोरमी ब्लॉक का है, जिसमें एक शिक्षक पर



मार्केटिंग करने का आरोप साबित हुआ है।

### नशे में यूनियन के नेताओं से अभद्रता

13 जून 2025 को बिलासपुर में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में एक प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान संयुक्त संचालक कार्यालय में ज्ञापन सौंपने पहुंचे शिक्षक संगठन के नेताओं से सहायक संचालक मुकेश कुमार मिश्रा ने अभद्र भाषा में बात की और गाली-गलौज की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे शिक्षा विभाग की छवि पर नकारात्मक असर पड़ा।सरकार ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन माना और इसे गंभीर कदाचार की श्रेणी में रखते हुए मुकेश मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय लोक शिक्षण संचालनालय,इंद्रावती भवन, अटल नगर (नवा रायपुर) तय किया गया है।

## उच्च न्यायालय ने सहायक उप निरीक्षकों की पदोन्नति पर लगाई रोक डीजीपी से मांगा जवाब.

**बिलासपुर,06 जुलाई 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सहायक उप निरीक्षक चालक के पद पर चल रही पदोन्नति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक डीजीपी और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल से इस मामले में जवाब तलब किया है। यह फैसला प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह कोरम की याचिका पर सुनवाई के बाद आया जिन्होंने पदोन्नति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया था। इस अंतरिम रोक से 29 प्रधान आरक्षकों की पदोन्नति पर फिलहाल तलवार लटक गई है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### झारखंड शराब घोटाले में ए.पी. त्रिपाठी की बढ़ी मुश्किलें



### रांची कोर्ट में एसीबी ने मांगा प्रोडक्शन वारंट

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले के आरोपी और राज्य के पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की परेशानियां अब झारखंड में भी बढने लगी हैं। झारखंड की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने त्रिपाठी से पूछताछ के लिए रांची स्थित विशेष न्यायालय में प्रोडक्शन वारंट के लिए अर्जी दाखिल की है।

### विभिन्न संगठनों के विरोध के बाद वन मंत्री कश्यप ने दिए पत्रों को वापस लेने के निर्देश

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफ आरआर)



के संबंध में जारी पत्रों के खिलाफ विभिन्न संगठनों के विरोध के बाद राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप ने पत्रों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की विशाल जनसभा आज



**रायपुर,06जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर से गर्मी बढने वाली है। कांग्रेस ने 7 जुलाई को रायपुर में किसान-जवान-संविधान सभा बुलाकर प्रदेश में अपनी ताकत दिखाने की तैयारी कर ली है। इस सभा में खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे। दावा है कि इस ऐतिहासिक सभा में 25 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता, किसान और जवान जुटेंगे।

### रायपुर के 5 छात्रों ने किया कमाल,बने चार्टर्ड अकाउंटेंट




**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए मई 2025 की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में देशभर के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें रायपुर के छात्रों ने भी प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस बार राजन काबरा ने फाइनल परीक्षा में देशभर में टॉप किया है और एआईआर-1 हासिल की है। वहीं रायपुर के पांच छात्रों ने सीए की परीक्षा पास कर शहर का नाम रोशन किया है।

# जगदलपुर में खुदाई के दौरान मिला प्राचीन शिवलिंग

**जगदलपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** शहर की सबसे बड़ी सब्जी मंडी संजय मार्केट में स्थित पुराने शिव मंदिर से जुड़ा एक चमत्कारी और आस्था से जुड़ा घटनाक्रम सामने आया है। बरगद के पर स्थित शिव मंदिर के चबूतरे के नीचे खुदाई के दौरान एक प्राचीन शिवलिंग मिलने से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा की लहर दौड़ गई है।

यह घटना उस वक्त घटी जब स्थानीय श्रद्धालुओं और समितियों द्वारा वर्षों पुराने छोटे मंदिर के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई। जैसे ही चबूतरा तोड़ा गया और करीब तीन फीट नीचे खुदाई हुई, वहां एक पुराना शिवलिंग प्रकट हुआ। शिवलिंग के दर्शन होते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे और पूजा-अर्चना शुरू हो गई।



### वर्षों पुराना आस्था का केंद्र है मंदिर

इस स्थान को लेकर स्थानीय निवासियों की मान्यता रही है कि यह स्थान चमत्कारी है। एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि उन्होंने इसी स्थान पर संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी,जो पूरी होने के बाद उन्होंने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। वर्षों से यह स्थान लोगों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### भव्य मंदिर निर्माण की उठी मांग

हिंदू संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन से इस स्थान को संरक्षित करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि यहां भव्य और पक्के शिव मंदिर का निर्माण कराया जाए,ताकि यह धार्मिक स्थल और भी सुव्यवस्थित रूप में विकसित हो सके।

### पुरातत्व सर्वेक्षण की भी मांग

स्थानीय नागरिकों ने यह भी मांग की है कि पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थल का सर्वेक्षण कर शिवलिंग की ऐतिहासिकता की पुष्टि की जाए। यदि यह शिवलिंग प्राचीन काल से जुड़ा है,तो यह स्थल धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है।

### प्रशासन की नज़र में मंदिर

फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती उपस्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने पड़ सकते हैं। संजय मार्केट जैसे वाणिज्यिक क्षेत्र में प्राचीन शिवलिंग का मिलना धार्मिक आस्था से जुड़े नागरिकों के लिए एक गहरा भावनात्मक क्षण है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस धार्मिक उन्मेष को संरक्षण और विकास की दिशा में किस प्रकार आगे बढ़ाता है।



## डॉक्टर और पत्नी की हत्या के पीछे ड्राइवर का हैरान कर देने वाला सच

**कवर्धा ,06 जुलाई 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक डॉक्टर ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, जिसे डॉक्टर के ड्राइवर ने देख लिया। हत्या के समय ड्राइवर डरा हुआ था। उसने सोचा कि डॉक्टर उसे भी मार देंगे। ड्राइवर डर गया और उसने डॉक्टर को मार डाला। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रामनगर इलाके में हुई।जानकारी के अनुसार, मृतकों के नाम डॉ. गणेश सूर्यवंशी (54) और उनकी पत्नी डॉ. उषा (52) हैं। डॉक्टर की हत्या करने वाले ड्राइवर का नाम सत्यप्रकाश साहू (35) है। कवर्धा पुलिस ने 8 साल बाद दोहरे हत्याकांड के आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।



## पुनिया और बघेल के साथ रहने वाले ठग हसन आबिदी से कड़ाई से पूछताछ जारी

**रायपुर,06 जुलाई 2025(ए)।** गिरफ्तार ठग हसन आबिदी पीएल पुनिया और भूपेश बघेल के आगे पीछे घूमता रहता था, कांग्रेस शासन में जिसका फायदा उठाकर हसन आबिदी करोड़पति बन गया है। ठगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)